तापमान
अधिकतम 33.7 डिग्री
न्यूनतम 14.9 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, शनिवार 28 फरवरी 2026

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



14 फाल्गुन एकादशी पर निकली निशान यात्रा...





15 तीरंदाजी स्पर्धा में बच्चों संग पहुंची महिला प्रतिभागी...









### ठेकेदार ने सड़क को खोदकर आधे में रोका, रहवासियों को हो रही आने-जाने में परेशानी

# नेताओं के झगड़े में रुका शहर का विकास कार्य

# भूमिपूजन के बाद सड़क का रोका गया निर्माण



*भिलाई नगर निगम में कांग्रेस और भाजपा नेताओं के बीच विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्यक्रम अहम का हिस्सा बनता जा रहा है। कांग्रेस नेता अगर भूमि पूजन करता है तो भाजपा नेता उसे रुकवाने पहुंच जाता है और यदि भाजपा नेता भूमिपूजन करता है तो कांग्रेसी उसका विरोध करने लग जा रहे हैं।*

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वैशाली नगर विधानसभा के जोन 2 क्षेत्र में कैलाश नगर और कुरुद में दो ऐसी सड़कें है जो इसी तरह के विवाद में उलझ कर रह गई हैं। एक सड़क की हालत इतनी दैनीय है कि वहां से लोगों का आना जाना तक बंद हो गया है। जानकारी ने मुताबिक न्यू कैलाश नगर कुरुद क्षेत्र से लगी एक सड़क महावीर मार्ग है जो लोहिया रोड को जोड़ता है। यह सड़क वार्ड 21 की पार्षद नेहा साहू के वार्ड में आती है। नेहा साहू का कहना है की इस सड़क की हालत काफी दैनीय थी। लोगों की बार बार मांग के चलते उन्होंने इस सड़क के निर्माण के लिए मद की मांग की थी। नगरोत्थान मंद से यहां 480 मीटर लंबी सड़क और नाली निर्माण के



लिए 46 लाख रुपए की स्वीकृति मिली थी। परियोजना शाखा की इंजीनियर और निगम के अधिकारी दो सप्ताह पहले मौके पर आए। नेहा साहू को भी वहां बुलाया गया। उन्होंने निर्माण शुरू करने के लिए वहां विधिवत मोहल्ले वासियों के सामने भूमि पूजन किया। ठेकेदार ने तुरंत काम भी शुरू कर दिया। नाली को जेसीबी से खोद डाला। अगले दिन जैसे ही यह खबर मीडिया में प्रकाशित हुई की नेहा साहू ने रोड का भूमिपूजन किया भाजपा के बड़े नेताओं ने दबाव डलवाकर काम को रुकवा दिया। अब यहां की हालत यह हो गई है कि दो सप्ताह से सड़क में मिट्टी पड़ी होने से लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही है। पार्षद नेहा साहू का कहना है कि काम बंद होने का कारण राजनीतिक द्वेष है। अधिकारी न फोन उठा रहे हैं न ये बता रहे हैं कि सड़क का निर्माण कार्य क्यों नहीं हो रहा है।

### कुरुद नकटा तालाब की सड़क निर्माण भी रुका

इसी तरह कुरुद वार्ड 22 में नकटा तालाब से लगती अक्षरधाम कोलोनी में सीसी रोड का निर्माण होना था। एक महीने पहले इस सड़क का भूमिपूजन बीजेपी के मंडल अध्यक्ष शशि भगत के द्वारा किया गया था। इस दौरान भाजपा नेता अवतार सिंह, नंदू टंडन और कालोनी के लोग मौजूद थे। उन्हें आश्वासन दिया गया कि विधायक रिकेश सेन की पहल से इस सड़क का निर्माण किया जा रहा है। लोगों में आस जगी की जल्द उन्हें कालोनी में आने जाने के लिए पक्की सड़क मिलेगी, लेकिन अगले ही दिन पता चला कि इस सड़क का निर्माण भी रुकवा दिया गया है। दो महीने हो गए इस सड़क का निर्माण भी शुरू नहीं हुआ। जिन भाजपा नेताओं ने यहां का भूमिपूजन किया अब वो खुद नहीं बता पा रहे हैं कि यह सड़क किस तरह राजनीति की भेंट चढ़ गई।

**मोहन नगर थाना क्षेत्र की थी घटना**

# हत्या के आरोपी के होटल पर चला बुलडोजर, दुर्ग पुलिस की बड़ी कार्रवाई

- सात आरोपियों ने होटल में दिया था घटना को अंजाम
- निगम दुर्ग और पुलिस की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दुर्ग पुलिस ने आज बड़ी कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपी के होटल में बुलडोजर चलाकर उसे ढहा दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधिक तत्वों में दहशत का माहौल है।

जानकारी के मुताबिक मोहन नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते 16 फरवरी की रात 9.30 बजे शिव जी की बारात कार्यक्रम में शिक्त नगर चौक, मानस भवन के पास क्षय कुमार गोड़ उर्फ नानू की धारदार हथियार से हत्या की गई थी। इस प्रकरण में पुलिस ने सात आरोपियों को आरोपी बनाया था। पुलिस ने जांच में पाया कि नानू हत्याकांड में शामिल मुख्य आरोपी मनीष देशमुख उर्फ पाडू देशमुख नाम से एक होटल चलाता है। दुर्ग पुलिस ने दुर्ग नगर निगम की टीम ने वहां पहुंचकर उसके अवैध होटल को बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया। पुलिस की यह पहली इस तरह की कार्रवाई नहीं है। इससे पहले भी पूर्व कैम्प क्षेत्र में हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी का मकान ढहाया था। उक्त कार्रवाई विधि व्यवस्था बनाए रखने,आपराधिक तत्वों पर लगाम लगाने कार्रवाई की गई।

### शासकीय भूमि पर था होटल

पुलिस ने बताया कि मनीष देशमुख ने शासकीय भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर देशमुख होटल संचालित किया था। इस पर पुलिस ने नगर निगम दुर्ग को अतक्रिमण हटाने के लिए लिखा। निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को अवैध कब्जे को हटाकर स्थल को अतक्रिमण मुक्त कराया गया।






# हेलमेट पहनें, जीवन करें सुरक्षित

## हेलमेट जागरूकता अभियान



विजय अग्रवाल
एसएसपी, दुर्ग जिला

### "हेलमेट अनिवार्यः जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त अभियान"

सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और दोपहिया चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिले में ट्रैफिक पुलिस ने व्यापक जागरूकता अभियान छेड़ दिया है। हर दोपहिया वाहन चालक के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया है, वहीं नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती भी बरती जा रही है। स्कूल-कॉलेजों में सेमिनार के माध्यम से युवाओं को हेलमेट की महत्ता समझाई जा रही है। साथ ही जिले के पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं देने की व्यवस्था लागू कर पुलिस ने सुरक्षा को जन-आंदोलन का रूप दे दिया है। अधिकारियों का दावा है कि इस पहल से कई संभावित बड़े हादसों को टाला जा सका है।



ऋचा मिश्रा
एएसपी, ट्रैफिक पुलिस
भिलाई-दुर्ग

### "नो हेलमेट, नो राइडः ट्रैफिक पुलिस का विशेष अभियान"

दोपहिया चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और सड़क हादसों में कमी लाने के उद्देश्य से जिले में ट्रैफिक पुलिस ने व्यापक हेलमेट जागरूकता अभियान शुरू किया है। स्कूलों और कॉलेजों में सेमिनार आयोजित कर युवाओं को हेलमेट की अनिवार्यता समझाई जा रही है, वहीं सड़कों पर नियमित चेकिंग अभियान चलाकर नियमों का पालन भी सुनिश्चित किया जा रहा है। बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि यह पहल न केवल दुर्घटनाओं को कम करने में कारगर साबित हो रही है, बल्कि असामाजिक गतिविधियों और बड़े अपराधों पर भी अंकुश लगाने में सहायक बन रही है।



**नागरिकों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक करने हेतु पारंपरिक चालान और रैली से आगे बढ़कर नवाचार आधारित अभियान चलाए जा सकते हैं। कुछ प्रभावी सुझाव-**

#### "इमोशनल कनेक्ट" अभियान

सड़क दुर्घटना में प्रभावित परिवारों की वास्तविक कहानियों को छोटे वीडियो, पोस्टर और जनसभाओं के माध्यम से साझा किया जाए। भावनात्मक अपील लोगों पर गहरा असर छोड़ती है।



#### स्कूल-कॉलेज एम्बेसडर प्रोग्राम

युवाओं को "रोड सेफ्टी एम्बेसडर" बनाकर उन्हें अपने परिवार और मोहल्ले में हेलमेट के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी दी जाए। शपथ अभियान और प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा सकती हैं।

#### "नो हेलमेट-नो एंट्री" जोन

भीड़भाड़ वाले बाजार, मॉल या सरकारी कार्यालयों में बिना हेलमेट दोपहिया पार्किंग पर प्रतिबंध लगाया जाए। इससे व्यवहार में बदलाव आता है।

#### सेल्फी विद हेलमेट चैलेंज

सोशल मीडिया पर "Helmet For Life" जैसे अभियान चलाकर नागरिकों को हेलमेट पहनकर फोटो साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। सर्वश्रेष्ठ पोस्ट को सम्मानित किया जा सकता है।

#### मुफ्त हेलमेट वितरण + ऑन-द-स्पॉट काउंसलिंग

सिर्फ चालान की बजाय पहली बार पकड़े जाने पर समझाइश और रियायती/मुफ्त हेलमेट उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए।

#### नुक्कड़ नाटक और मोबाइल वैन

बाजार, हाट और गांवों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा संदेश दिए जाएं। LED स्क्रीन वाली मोबाइल वैन से दुर्घटनाओं के दृश्य और सुरक्षा संदेश दिखाए जा सकते हैं।

#### कॉर्पोरेट और उद्योगों की भागीदारी

औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए अनिवार्य हेलमेट नीति लागू की जाए। कंपनियां CSR के तहत जागरूकता अभियान चला सकती हैं।

#### सामाजिक आयोजनों में संदेश

मेला, उत्सव या धार्मिक कार्यक्रमों में मंच से हेलमेट पहनने का संदेश दिया जाए। स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों की अपील का असर अधिक होता है।

#### रिवार्ड आधारित अभियान

जो नागरिक लगातार हेलमेट पहनते पाए जाएं, उन्हें "सेफ राइडर सर्टिफिकेट" या छोटे उपहार देकर सम्मानित किया जाए।

#### Ministry of Road Transport and Highways की सड़क सुरक्षा पहल

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा समय-समय पर "रोड सेफ्टी अवेयरनेस" अभियान चलाए जाते हैं। इन अभियानों के तहत हेलमेट की अनिवार्यता, ट्रैफिक नियमों की जानकारी और सुरक्षित ड्राइविंग के संदेश व्यापक स्तर पर प्रसारित किए जाते हैं। टीवी, रेडियो और डिजिटल माध्यमों से भी जागरूकता संदेश जारी किए जाते हैं।

#### National Road Safety Week के तहत विशेष कार्यक्रम

हर वर्ष जनवरी में आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह (अब सड़क सुरक्षा माह) के दौरान रैलियां, नुक्कड़ नाटक, स्कूल-कॉलेजों में प्रतियोगिताएं और हेलमेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस विशेष चेकिंग अभियान चलाकर नियमों के पालन की निगरानी भी करती है।



#### राज्य पुलिस का 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' अभियान

कई राज्यों में ट्रैफिक पुलिस द्वारा "नो हेलमेट, नो पेट्रोल" जैसी पहल लागू की गई है। पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए जाते हैं कि बिना हेलमेट दोपहिया चालकों को ईंधन न दिया जाए। इसके साथ ही नियम उल्लंघन पर चालान और अन्य दंडात्मक कार्रवाई भी की जाती है।

#### Motor Vehicles Act में सख्त प्रावधान

वर्ष 2019 में मोटर व्हीकल एक्ट में संशोधन के बाद बिना हेलमेट वाहन चलाने पर जुर्माने की राशि बढ़ाई गई और लाइसेंस निलंबन जैसी सख्त व्यवस्थाएं लागू की गईं। इन प्रावधानों का उद्देश्य नागरिकों में जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।

#### स्कूल-कॉलेजों में शपथ और जनजागरूकता कार्यक्रम

प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों के माध्यम से अभिभावकों तक संदेश पहुंचाने की पहल की जाती है। "हेलमेट पहनें, जीवन बचाएं" जैसे अभियानों के तहत शपथ ग्रहण, पोस्टर प्रतियोगिता और जागरूकता रैली आयोजित की जाती हैं।



#### डिजिटल और सोशल मीडिया का उपयोग

ट्रैफिक पुलिस एवं परिवहन विभाग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वीडियो, इन्फोग्राफिक्स और दुर्घटनाओं से जुड़े आंकड़े साझा कर हेलमेट के महत्व को रेखांकित करते हैं। डिजिटल अभियान युवाओं तक प्रभावी ढंग से संदेश पहुंचाने में सहायक साबित हो रहे हैं।

#### एनजीओ और कॉर्पोरेट की भागीदारी

कई गैर-सरकारी संगठन और निजी कंपनियां कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के तहत मुफ्त हेलमेट वितरण, जागरूकता रैली और सड़क सुरक्षा कार्यशालाएं आयोजित कर रही हैं।

कंटेंट : जे.एम. ताण्डी










































हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार 28 फरवरी 2026

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



न्यु ओम ज्वेलर्स

हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री

शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता

टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध

जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN

शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है

▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री

संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

## खबर संक्षेप

### जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान शुरू

**दुर्ग।** जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत ट्रांसमिशन असेसमेंट अभियान 1.0 चलाया जा रहा है। आरबीएस की टीम आयुष चिकित्सा अधिकारी, लैब टेक्निशियन व अन्य टीम सदस्यों द्वारा 6 से 7 वर्ष तक के बच्चों का रक्त परीक्षण किया जा रहा है। डब्ल्यूएचओ के डॉ. मनोज सिंग ने इसके लिए प्रशिक्षण। 336 बच्चों का प्रशिक्षण एफटीएस-किट द्वारा किया गया। इसमें 07 बच्चे पॉजीटिव मिले। यह अभियान आगामी तिथियों में भी सतत रूप से जारी रहेगा।

### सुरक्षा को लेकर 68 बदमाश को किया तलब

**भिलाई।** होली में सुरक्षा व्यवस्था बेहतर करने के लिए पुलिस ने सेक्टर 6 स्थित पुलिस कंट्रोल में भिलाई नगर, छावनी अनुविभाग में 68 गुंडा एवं निगरानी बदमाशों को तलब किया गया। आगामी होली त्यौहार के दौरान शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से पूर्व में आपराधिक गतिविधियों में शामिल एवं निगरानी बदमाशों को समझाइश दी गई। सभी का फिंगरप्रिंट दर्ज कर उनका सत्यापन किया गया। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, नशा सेवन विक्रय, मारपीट, हुड़दंग, कानून व्यवस्था भंग करने पर तुरंत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धाराओं के अंतर्गत बाउंड ओवर कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में एएसपी सुखनंदन राठौर, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, प्रशांत पैकरा समेत थाना प्रभारियों, सीसीटीएनएस कर्मी आदि मौजूद थे। दुर्ग पुलिस ने अपील किया है कि होली पर्व को आपसी सौहार्द एवं शांति के साथ मनाएं। किसी भी असामाजिक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। कानून व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### ऑनलाइन सट्टा खिलाने का फरार आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** साउथ आफ्रिका क्रिकेट मैच में ऑनलाइन सट्टा लगाने वाले सटोरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने फरार आरोपी असरफ नगर, तकियापारा, दुर्ग निवासी साहिल कुरैशी उर्फ सोनू को पकड़ा गया है। इसके पूर्व पुलिस ने सोहेल अहमद, संतोष कुमार गोंड को पकड़ा गया था। तब से साहिल कुरैशी फरार था। आरोपी के पास से पुलिस ने लेपटॉप, एलईडी टीवी, 4 मोबाइल फोन, डीवीआर, चार्जर, जियो सेटअप बॉक्स, वाई-फाई उपकरण, नगदी 5 हजार और एक लेखा कापी सहित 2.70 लाख 500 रुपए की जब्ती की है।

### मिलने नहीं गया तो आरोपी ने किया हमला

**भिलाई।** श्रीराम चौक हनुमान मंदिर के पास खुर्सीपार में एक युवक पर चाकू जैसी नुकिले वस्तु से हमला कर दिया गया। हमला इसलिए किया गया कि प्रार्थी जेल में कैद आरोपी से मिलने नहीं गया था। प्रार्थी बी. समीर राव उम्र 21 साल निवासी बालाजी नगर खुर्सीपार ने पुलिस को शिकायत में बताया कि 26 फरवरी को वे शादी कार्यक्रम में घर वापस लौट रहे थे। रात्रि करीब 11.30 बजे हनुमान मंदिर खुर्सीपार के पास पंहुचा था कि वहां एन जॉनसन और प्रार्थी के मौसी का लड़का डी मनीष खड़े थे। एन जॉनसन ने प्रार्थी से कहा कि जेल में मिलने के लिए क्यों नहीं आया। इसी बात को लेकर विवाद हुआ था।

### हर साल जिन प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों से होती है आपूर्ति, इस बार अब तक तैयारी नहीं

# गर्मी की आहट... गहराने लगा जलसंकट, ट्विनसिटी की आउटर कॉलोनियों में बढ़ रही परेशानी, इंतजाम अब तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हरिभूमि सरोकार

गर्मी की शुरुआत अभी हुई भी नहीं है लेकिन रिसाली निगम क्षेत्र में पेयजल संकट गहराने लगा है। यहां के दर्जनभर वार्डों में पेयजल की समस्या शुरू हो गई है। करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी अमृत मिशन योजना कारगर नहीं दिखाई देती। इसके अलावा मोरिद जलाशय स्थित 6 एमएलडी फिल्टर प्लांट में तकनीकी खराबी आ गई जिसकी वजह से पांच वार्ड के लोगों को शुक्रवार को पानी नहीं मिल पाया।



#### इन वार्डों में गहराया पेयजल संकट

रिसाली निगम के वार्ड क्रमांक 14 मरोदा कैंप, वार्ड 15 महुआरी भाठा, वार्ड 16 बीआरपी कालोनी, वार्ड 17 शिवपारा स्टेशन मरोदा, वार्ड 18 एचएससीएल कालोनी स्टेशन मरोदा, वार्ड 19 विजय चौक स्टेशन मरोदा, वार्ड 20 शंकरपारा स्टेशन मरोदा, वार्ड 21 सूर्यानगर मरोदा, वार्ड 32 नेवई भाठा, वार्ड 33 नेवई बस्ती पूर्व, वार्ड 34 नेवई बस्ती पश्चिम में पानी की समस्या शुरू हो गई है।

#### पाइप लाइन बिछाई लेकिन अंतिम छोर तक पानी नहीं

रिसाली निगम में अमृत मिशन योजना 1.0 के तहत पूरे वार्डों में पाइप लाइन बिछाई गई है। वर्तमान में हाल यह है कि पाइप लाइन से अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंच पाता। रहवासियों ने बताया कि गर्मी के दिनों में बूंद पानी नहीं आता। केवल टैंकर के भरोसे रहना पड़ता है। हेंडपंपों से जलस्तर काफी नीचे चला गया है। इसलिए पानी नहीं निकलता।

#### डुडेरा और पुरैना के पांच वार्ड में नहीं मिला पानी

नगर पालिक निगम रिसाली के डुडेरा व पुरैना क्षेत्र के 5 वार्डों में जल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। मोरिद स्थित 6 एमएलडी जलशोधक संयंत्र में तकनीकी खराबी आने के कारण मरम्मत कार्य करने शट डाउन लिया गया है। इस वजह से शुक्रवार को इन वार्डों में पानी नहीं मिला। शनिवार को भी पेयजल की सप्लाई नहीं हो पाएगी। हालांकि नगर निगम ने यहां लोगों को पानी टैंकर से पहुंचा रही है। लेकिन टैंकर के लिए लोगों को इंतजार करना पड़ रहा है।

#### सप्ताहभर पहले तीन दिन नहीं मिला था 9 वार्डों में पानी

रिसाली के नेवई क्षेत्र स्थित 32 लाख लीटर क्षमता वाले ओवर हेड टैंक का मरम्मत कार्य करने तीन दिनों का शट डाउन लिया गया। 20 फरवरी से 22 फरवरी यानी तीन दिन तक पेयजल आपूर्ति नलों से नहीं हो पाई। मेन डिस्ट्रीब्यूशन लाइन में लिक होने की वजह बताई गई। जिसकी वजह से वार्ड 16 बीआरपी कालोनी, वार्ड 17 शिवपारा स्टेशन मरोदा, वार्ड 18 एचएससीएल कालोनी स्टेशन मरोदा, वार्ड 19 विजय चौक स्टेशन मरोदा, वार्ड 20 शंकरपारा स्टेशन मरोदा, वार्ड 21 सूर्या नगर, वार्ड 32 नेवई भाटा, वार्ड 33 नेवई बस्ती पूर्व, वार्ड 34 नेवई बस्ती पश्चिम के लोगों को पानी के लिए दिक्कतें उठानी पड़ी।

#### दुर्ग के 12 जगहों पर वाल्व में लीकेज, नहीं मिल रहा पानी

दुर्ग शहर के जलकार्य विभाग की लचर व्यस्था का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। शहर के 12 जगहों पर वाल्व में बड़े लीकेज हैं, जिनका मेंटेनेंस अब तक नहीं हो पाया है। इनमें 24 और 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट के अलावा बोरसी, मालवीय नगर सहित अन्य जगहों पर ये लीकेज हैं। इसके अलावा शक्तिनगर, हनुमान नगर, जवाहर नगर, बोरसी, कातुलबोड़ में जलसंकट गहराने लगा है। टैंकरों का मेंटेनेंस अब तक नहीं हो पाया है। निगम ने 16 टैंकरों के मेंटेनेंस का काम अब शुरू किया है। 4 ट्रैक्टर हैं, जिनके जरिए प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों को पहुंचाने की तैयारी की गई है। बता दें कि शहर में 17 से ज्यादा छोटी-बड़ी पानी की टंकी, दो संपवेल हैं। इसके जरिए शहर की करीब 3 लाख आबादी तक पानी पहुंचाया जाता है। हर साल बोरसी, कातुलबोड़, शक्तिनगर, बघेरा, पुलगांव, पोटिया, रामनगर उरला, गयानगर सहित अन्य जगहों पर पेयजल संकट के हालात बनते हैं।

#### भिलाई के कई वार्डों में गहराया जल संकट, वार्डवासी परेशान

भिलाई नगर निगम क्षेत्र के कई वार्डों में पेयजल संकट गहरा गया है। पाइप लाइनों में पानी का प्रेशर कम होने के कारण बाल्टी भरने में अधिक समय लग रहा है। शहर में गर्मी शुरू होने से पहले ही पानी की समस्या सामने आने लगी है। अलग अलग वार्डों से कम प्रेशर और पर्याप्त जलापूर्ति नहीं होने की शिकायतें मिल रही हैं। वार्ड 13 पुरानी बस्ती कोहका, वार्ड 42 गौतम नगर, वार्ड 32 सहित कई वार्डों में लोग परेशान हैं।

#### तकनीकी समस्या सुलझा ली

रिसाली निगम क्षेत्र में तकनीकी समस्या आई थी उसे सुलझा ली गई है। पुरैना व जोरातराई क्षेत्र के पांच वार्डों में रविवार से पानी देना शुरू कर देंगे। गर्मी की शुरूआत होने की वजह से पानी की डिमांड बढ़ गई है। जहां से डिमांड आ रही है वहां टैंकर से पानी पहुंचाएंगे।

**अखिलेश गुप्ता**, सहायक अभियंता रिसाली निगम

## होली गिफ्ट : जिले के 1.06 लाख किसानों को 407 करोड़ की आदान राशि आज खातों में होगी ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिले के 1.06 लाख किसानों को 407.89 करोड़ रुपए की आदान यानी बोनस राशि का भुगतान 28 फरवरी को किया जाएगा। यह राशि सीधे उनके खाते में ट्रांसफर होगी।



28 फरवरी को दोपहर 12.30 बजे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बिल्हा बिलासपुर से सीधे बटन दबाकर यह राशि ट्रांसफर करेंगे। प्रदेश के 24.28 लाख किसानों को 10324.84 लाख रुपये की आदान सहायता राशि ट्रांसफर की जाएगी। जिले के दुर्ग, धमधा और पाटन में विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 1000 किसान शामिल होंगे।पाटन में आयोजित कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, दुर्ग में ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और धमधा में विधायक अहिवारा डोमनलाल कोर्सेवाड़ा शामिल होंगे। दुर्ग के 25,057 कृषकों को 8703.03 लाख, पाटन के 44,122 कृषकों को 16995.87 लाख और धमधा के 37,651 कृषकों को 15,090.54 लाख रुपये ट्रांसफर किए जाएंगे। खरीफ 2025 में उपार्जित धान पर 731 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अधिकतम 15,351 रुपये प्रति एकड़ तथा धान ग्रेड-ए पर 711 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अधिकतम 14,931 रुपये प्रति एकड़ की आदान सहायता दी जाएगी। दलहन, तिलहन, मक्का या कपास लगाने वाले किसानों को 11,000 रुपये प्रति एकड़ तक की राशि प्रदान की जाएगी।

▪ दोपहर 12 .30 बजे मुख्यमंत्री बिल्हा बिलासपुर से सीधे बटन दबाकर देंगे राशि

#### जिले के तीनों विकासखंडों में होगा सीधा प्रसारण

कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत पंजीकृत धान एवं धान बीज उत्पादक कृषकों को आदान सहायता राशि का वितरण 28 फरवरी 2026 को दोपहर 12.30 बजे किया जाएगा। कृषक उन्नति योजना के तहत 3100 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से धान के अंतर की राशि का एकमुश्त भुगतान किया जाएगा। यह राशि सीधे लाभार्थी किसानों के बैंक खाते में भेजे जाएंगे। दुर्ग जिले प्रत्येक विकासखण्ड में मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा व मुख्यमंत्री हितग्राहियों से वर्चुअल संवाद भी करेंगे। यह आयोजन जिले के दुर्ग विकासखण्ड के विवेकानंद सभागार पद्मनाभपुर, पाटन विकासखण्ड के डॉ. खूबचंद बघेल भवन और धमधा विकासखण्ड के मंगल भवन बानबरद अहिवारा में किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आवश्यक समन्वय स्थापित करने एवं अधिकाधिक कृषकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## होली आते ही खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम हुई सक्रिय, सामग्रियों के लिए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

होली त्यौहार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग सक्रिय हो गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों खाद्य सामग्रियों की दुकानों में पहुंचकर सघन जांच की।

जांच दल ने मेसर्स बिग बास्केट से आटा व चना दाल, मेसर्स हरिओम सुपर बाजार रिसाली से मैदा, कतली, सूजी व बेसन तथा मेसर्स रिलायंस स्मार्ट पॉइंट से मैदा, सूजी, बेसन एवं बेसन लड्डू का नमूना लिया। इसके अतिरिक्त श्रीजी मार्ट से पास्ता और अन्य प्रतिष्ठानों से पनीर, दही व घी के नमूने संकलित कर उन्हें गुणवत्ता परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। निरीक्षण के दौरान मेसर्स बलका एग्रीकल्चर व फूड्स महमरा की भी जांच की गई, जहां संचालक ने पेस्ट कंट्रोल, जल परीक्षण रिपोर्ट और कर्मचारियों के मेडिकल व फोस्टेक प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए गए।

वहीं जिन संस्थानों ने अनिवार्य दस्तावेज मेडिकल सर्टिफिकेट, प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किए, उन्हें विभाग द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रयोगशाला से जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद, मिलावट पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 एवं विनियम 2011 के प्रावधानों के तहत कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

▪ नियम और शर्तों का उल्लंघन करने वाली संस्थाओं को थमाया नोटिस

## पांच उड़नदस्ते ने किया 25 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण, नकल प्रकरण नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकंडरी 12वीं परीक्षा 2026 के अंतर्गत शुक्रवार को आयोजित जीवविज्ञान, अर्थशास्त्र, पशुपालन दुग्ध, प्रौद्योगिकी मत्स्य कुक्कुट पालन, भारतीय कला का इतिहास, विज्ञान के तत्व विषय पेपर के दौरान जिले के 5 उड़नदस्ता दल द्वारा 25 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किसी भी केन्द्र में अनुचित साधन का उपयोग नहीं पाया गया।



प्राप्त जानकारी अनुसार अरविन्द कुमार मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग द्वारा 09 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जिसमें 141030 सेजस जेवरा सिरसा, 141078 नंनकट्ठी, 141085 क. धमधा, 141084 बा. धमधा, 141100 बरहापुर, 141088 सेजस पेंड्रावन, 141107 सेजस नंदनी खुदंनी, 141111 गिरहोला, 141091 सेमरिया 141047 शामिल है। डॉ. पुष्पा पुरूषोत्तम जिला नोडल अधिकारी द्वारा 06 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जिसमें 141047 बी.एस.पी.क. खुर्सीपार, 142143 सरस्वती शिशु मंदिर सेक्टर 04, 141042 भिलाई विद्यालय सेक्टर 02, 141015 शा.उ.मा.वि.मरोदा टैंक भिलाई, 141010 सेजस रिसाली, 141016 रुआबांधा शामिल है। विनोद कुमार शुक्ला विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दुर्ग द्वारा 04 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जिसमें 141011 सेजस खुर्शीपार, 142013 निर्मला रानी, 142073 सरस्वती विहार हाउसिंग बोर्ड, 141013 कुरूद शामिल है।

## दुर्ग-रायगढ़-दुर्ग के बीच चार फेरे के लिए होली मेमू पैसेंजर स्पेशल चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

होली पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए 2, 3, 5 एवं 6 फरवरी को गाड़ी संख्या 08834/08833 दुर्ग - रायगढ़ - दुर्ग के मध्य चार फेरे के लिए होली मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी जा रही हैं । गाड़ी संख्या 08834 दुर्ग रायगढ़ मेमू पैसेंजर गाड़ी दुर्ग से 10:30 बजे रवाना होकर 10:36 बजे भिलाई नगर 10.43 बजे भिलाई पावर हाउस 10:50 बजे भिलाई 10.56 बजे देवबलोदा चरोदा, 11:09बजे कुम्हारी, 11:17 बजे सरोना 11.24 बजे सरस्वती नगर, 11.35 बजे रायपुर 11:45 बजे डब्ल्यूआरएस, 11:52 बजे उरकुरा, 12:00 मांडर,12:11 बजे सिलियारी, 12.21 बजे बैकुंठ 12:28 बजे तिल्दा नेवरा, 12.39 बजे हथबंद, 12:52 बजे भाटापारा, 13.05 बजे निपानिया, 13.15 बजे दागोरी, 13.23 बजे बिल्हा, 14.31 बजे चक्करभाटा 14.37 बजे दाधापारा,15.10 बजे बिलासपुर, 15.28 बजे गतौरा, 15:40 बजे जयरामनगर, 15.53 बजे अकलतरा, 16:10 बजे जांजगीर नैला, 16:30 बजे चांपा, 16:50 सारागांव देवरी, 17:03 बजे बुढार, 17.18 बजे सक्ती, 17:30 जारडीह, 17.40 बजे खरसिया, 17.58 बजे रॉबर्टसन, 18: 13 बजे भूपदेवपुर, 18.23 बजे किरोड़ीमल नगर, 18:50 बजे रायगढ़। 2, 3, 5 एवं 6 फरवरी को वापसी में गाड़ी संख्या 08833 रायगढ़- दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल रायगढ़ से 19:00 रवाना होकर उपरोक्त सभी स्टेशनों पर रुकते हुए बिलासपुर 21.45 बजे एवं रायपुर 00:10 बजे और दुर्ग अगले दिन 01.45 बजे पहुंचेगी।

### यात्रियों को मिलेगी कन्फर्म बर्थ एवं सुगम यात्रा की सुविधा

# होली पर दुर्ग से चलेगी 6 स्पेशल ट्रेनें, 14 फेरे लगाएंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

होली त्यौहार के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा छह स्पेशल ट्रेनें चलाएगी। ये ट्रेनें 14 फेरे लेगी। इसके अतिरिक्त 56 ट्रिप्स की होली स्पेशल ट्रेनें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से होकर गुजरेंगी। इस प्रकार होली पर्व के दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत कुल 70 होली स्पेशल ट्रेन ट्रिप्स यात्रियों की सुविधा के लिए उपलब्ध रहेंगी। जिसमें दुर्ग, बिलासपुर एवं गोंदिया जैसे प्रमुख स्टेशनों से इन होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। इन ट्रेनों के माध्यम से दिल्ली, पटना, छपरा, मधुबनी, हजरत निजामुद्दीन, चर्लपल्ली सहित देश के विभिन्न महत्वपूर्ण गंतव्यों के लिए अतिरिक्त यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इन विशेष ट्रेनों का उद्देश्य होली के अवसर पर अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करना तथा यात्रियों को अधिक से अधिक कन्फर्म बर्थ के साथ सहज यात्रा प्रदान करना है।

#### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संचालित होली स्पेशल ट्रेनें, सभी एक्सप्रेस के नंबर किए गए जारी

**दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन :** गाड़ी संख्या 08751/08752 दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन-दुर्ग होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन दोनों ओर से दो-दो फेरों के लिए किया जाएगा । यह ट्रेन दुर्ग से 1 व 2 मार्च को तथा वापसी में निजामुद्दीन से 2 व 3 मार्च को व्हाया न्यू कटनी जंक्शन होकर चलेगी। इस गाड़ी का ठहराव रायपुर, उसलापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशनों पर दिया गया है।

**गोंदिया-छपरा-गोंदिया :** गाड़ी संख्या 08863/08864 गोंदिया-छपरा-गोंदिया होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन दोनों ओर से एक-एक फेरों के लिए किया जाएगा । यह ट्रेन गोंदिया से 1 मार्च को तथा वापसी में छपरा से 3 मार्च को व्हाया न्यू कटनी जंक्शन होकर चलेगी। इस गाड़ी का ठहराव डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशनों पर दिया गया है।

**गोंदिया-छपरा होली स्पेशल :** गाड़ी संख्या 08865/08866 गोंदिया-छपरा-गोंदिया होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन दोनों ओर से एक-एक फेरों के लिए किया जाएगा । यह ट्रेन गोंदिया से 2 मार्च को तथा वापसी में छपरा से 4 मार्च को व्हाया न्यू कटनी जंक्शन होकर चलेगी। इस गाड़ी का ठहराव डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशनों पर दिया गया है।

**दुर्ग-मधुबनी-दुर्ग :** गाड़ी संख्या 08753/08754 दुर्ग-मधुबनी-दुर्ग होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन दोनों ओर से एक-एक फेरों के लिए किया जाएगा। दुर्ग से 1 मार्च को तथा वापसी में मधुबनी से 2 मार्च को व्हाया झारसुगुड़ा होकर चलेगी। इस गाड़ी का ठहराव रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा एवं रायगढ़ स्टेशनों पर दिया गया है।

**गोंदिया-पटना-गोंदिया :** गाड़ी संख्या 08861/08862 गोंदिया-पटना-गोंदिया होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन दोनों ओर से एक-एक फेरों के लिए किया जाएगा । यह ट्रेन गोंदिया से 2 मार्च को तथा वापसी में पटना से 3 मार्च को व्हाया झारसुगुड़ा होकर चलेगी। इस गाड़ी का ठहराव डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, चाम्पा एवं रायगढ़ स्टेशनों पर दिया गया है।

**बिलासपुर-चर्लपल्ली एक्सप्रेस:** गाड़ी संख्या 08263/08264 बिलासपुर-चर्लपल्ली-बिलासपुर होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन दोनों ओर से एक-एक फेरों के लिए किया जाएगा। बिलासपुर से 27 फरवरी को तथा वापसी में चर्लपल्ली से 28 फरवरी को व्हाया बल्हारशाह होकर चलेगी। इस गाड़ी का ठहराव भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया, वड़सा एवं चांदा फोर्ट स्टेशनों पर दिया गया है।

## रामनगर में सूने मकान में घुसकर चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

**आरोपियों में दो नाबालिग, भेजा गया बाल संप्रेक्षण गृह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



वैशालीनगर थाना अंतर्गत रामनगर मुक्तिधाम के करीब निवासरत स्वामी मंडावी के सूने मकान में पिछले दिनों चोरी हो गई। आरोपियों ने मकान में घुसकर सोने-चांदी के जेवरात और कैश पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। तीनों लोगों को पकड़ा गया। आरोपियों में दो नाबालिग हैं, जिन्हें सुधार गृह भेज दिया गया। वहीं एक अन्य कृष्णा नगर निवासी रंजीत वर्मा उम्र 19 वर्ष को कोर्ट में पेश किया गया। जहां न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि घटना 21 दिसंबर से 15 फरवरी के बीच की है। चोरी किए गए आभूषण अपने मित्र रंजीत वर्मा को बेचने हेतु आरोपियों ने देना बताया। आरोपी रंजीत वर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसने चोरी के आभूषण अपने अन्य साथियों को बेचना स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर सोने का हार, एक मंगलसूत्र तथा नगदी राशि बरामद किया गया। नेकलेस की कीमत करीब ढाई लाख व मंगलसूत्र की कीमत 1.70 लाख आंकी गई है। जानकारी के मुताबिक करीब 4.23 लाख रुपए की चोरी हुई थी।

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 28 फरवरी 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129



15



तीरंदाजी स्पर्धा में बच्चों संग...


लाइव इवेंट

## डॉ अजय की 9वीं काव्यकृति मुझको भी जीने की वजह दे दो का हुआ लोकार्पण



**भिलाई।** हिंदी साहित्य के संवेदनशील कवि, लेखक और शिक्षाविद् डॉ. अजय आर्य की नवीन काव्यकृति मुझको भी जीने की वजह दे दे का लोकार्पण शिक्षाविद् डॉ. एम. एम. त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में साहित्य की सामाजिक भूमिका, मानवीय मूल्यों के संरक्षण और रचनात्मक लेखन की आवश्यकता पर गहन विचार-विमर्श हुआ। 43 कविताओं का यह काव्य-संग्रह रचनात्मक दृष्टि से डॉ. अजय आर्य की नौवीं कृति है। संग्रह 'तेरे होने की रोशनी' से आरंभ होकर 'मजबूरी' पर समाप्त होता है। यह कृति अमृत कलश प्रकाशन, पंजाब से प्रकाशित हुई है।

डॉ. अजय आर्य लंबे समय से साहित्य-सृजन, शिक्षण, शोध और सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। अब तक वे ढाई सौ से अधिक लेख, 350 से अधिक कविताएं तथा 25 से अधिक शोधपत्र लिख चुके हैं। साहित्यिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक अवदान के लिए उन्हें यूथ एक्सीलेंस फॉर ह्यूमैनिटी अवार्ड–2025, स्वामी विवेकानंद आदर्श रत्न सम्मान, शास्त्री रत्न सम्मान–24, ह्यूमैनिटी इम्पैक्ट अवार्ड, पीस एक्सीलेंस अवार्ड, टैगोर सोशल चेंज अवार्ड, प्रेमचंद सम्मान तथा मंगलेश डबराल पुरस्कार सहित अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से अलंकृत किया जा चुका है। लेखन के साथ-साथ वे समाज सेवा में भी सक्रिय हैं और अब तक 54 बार रक्तदान कर चुके हैं।

कार्यक्रम के दौरान संस्कृत की विदुषी अनुपमा उपाध्याय ने कहा कि यह कृति मनुष्य और प्रकृति के सूक्ष्म संबंधों को उजागर करती है तथा पाठक को आत्ममंथन के लिए प्रेरित करती है। जसविंदर कौर ने इस संग्रह को नारी संवेदना, आत्मसम्मान और आंतरिक पीड़ा की सशक्त अभिव्यक्ति बताया। प्राचार्य दुष्यंत कुमार एवं उपप्राचार्य अदिति शर्मा ने इसे आत्मसंवाद और आत्मसंयम की प्रेरक कृति बताते हुए लेखक को बधाई दी।



लाइव इवेंट

## सुरक्षा जागरुकता पर किया फोकस, कोक ओवन में कार्य सुरक्षा प्रदर्शनी



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग और मेसर्स उदयोगी प्लास्टिक प्रालि, कोलकाता के तत्वावधान में आयोजित व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पीपीई), सीमित स्थान में कार्य एवं ऊंचाई पर कार्य से संबंधित विशेष सुरक्षा प्रदर्शनी स्टॉल का उद्घाटन किया गया। सीजीएम तुलाराम बेहेरा, देबदत्त सतपथी, महाप्रबंधक प्रभारी झगर सिंह, महाप्रबंधक प्रभारी एसके अग्रवाल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। प्रदर्शनी में संवेदनशील परिचालन क्षेत्रों में औद्योगिक कार्यों से संबंधित जोखिमों को ध्यान में रखते हुए उन्नत एवं कार्य-विशिष्ट व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों की श्रृंखला प्रदर्शित की गई। मेसर्स उदयोगी प्लास्टिक प्रालि कोलकाता के विशेषज्ञों द्वारा ऊँचाई पर कार्य, सीमित स्थान में प्रवेश, विद्युत अनुरक्षण कार्य एवं अन्य जोखिमपूर्ण औद्योगिक गतिविधियों के लिपीपीई उत्पादों के लाइव डेमो व प्रोटोटाइप प्रस्तुत किए गए।

### लाइव प्रदर्शन हुआ

तकनीकी संवाद सत्रों के दौरान विशेषज्ञों ने पीपीई के उचित चयन, परीक्षण, उपयोग तथा अनुरक्षण से संबंधित विषयों पर जागरुक किया। उन्होंने कहा कि जोखिम नियंत्रण की पदानुक्रम प्रणाली में पीपीई अंतिम सुरक्षा कवचके रूप में कार्य करता है। लाइव प्रदर्शन के माध्यम से कर्मचारियों, पर्यवेक्षकों एवं संविदा कर्मियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त हुआ।



● 2300 श्रद्धालु भक्ति गीतों और ढोल-नगाड़ों की धुन पर झूमते नजर आए

# फाल्गुन एकादशी पर निकली निशान यात्रा, आतिशबाजी कर इत्र, अमृत रंगों संग हुई पुष्प वर्षा, हारे का सहारा श्याम हमारा का लगता रहा नारा

धार्मिक नगरी दुर्ग में पहली बार फाल्गुन एकादशी के अवसर पर अंचल की सबसे बड़ी निशान यात्रा निकाली गई। जिसमें 2200 अधिक श्याम प्रेमियों ने निशान ध्वज एक साथ उठाया।सत्तीचौरा दुर्गा मंदिर से निशान लेकर जब श्याम प्रेमी निकले तब पूरे रास्ते में श्याम बाबा की जय, हारे का सहारा श्याम हमारा की गूंज पूरे शहर में गूंजायमान रही। आतिशबाजी सहित फूलों, इत्र और बाबा के अमृत रंगों की वर्षा की गई। सभी पदयात्रियों का लोगों ने भाव विभोर होकर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान निशान यात्रा में बाबा की झलक पाने के लिए राहगीर भी लालायित दिखे। श्याम मंदिर पहुंचने पर बाबा की नजर उतार कर स्वागत किया गया। शाम साढ़े 7 बजे से भजन संध्या और रात 9 से महाभंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें 5 हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।



### मंदिर में निशान चढ़ाते हुए बाबा के किए

दुर्ग में पहली बार निकली 22सौ से अधिक धर्मप्रेमियों की निशान यात्रा को देखने और फूलों की वर्षा करने अलग अलग स्थानों में धर्मप्रेमी जमा हुए। इस निशान यात्रा में नगर की सैकड़ों महिलाओं सहित युवा श्रद्धालु लाल, पीले ध्वज निशान लेकर भक्तगण श्याम गुणगान करते हुए शामिल हुए। साथ ही श्री श्याम की आकर्षक चलित झांकी, बाबा का रथ, राधा-कृष्ण बनी हुई झांकी गाजे-बाजे के साथ निकाली गई।

**दुर्ग।** दुर्ग में निशान यात्रा को लेकर उत्साह देखने को मिला। निशान यात्रा श्री सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर गंजपारा से कादम्बरी नगर स्थित श्याम मंदिर तक निकाली गई। निशान यात्रा के पहले दुर्गा मंदिर में बाबा श्याम की ज्योत ले कर पूजा अर्चना करके श्याम बाबा की महाआरती की गई साथ ही पुष्पांजलि कराई गई। आयोजन समिति के प्रमुख योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि निशान यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्याम ध्वज लेकर पदयात्रा में शामिल हुए। जहां-जहां से पदयात्रा निकली लोगो ने भक्ति भाव के साथ पदयात्रियों का स्वागत किया।





### निशान यात्रा में हुए शामिल

निशान यात्रा में अरुण वोरा, धीरज बाकलीवाल, श्याम शर्मा, अशोक राठी, प्रतिभा सुरेश गुप्ता, अजय शर्मा, सरिता शर्मा, चंचल शर्मा, अनिता अग्रवाल, पिंकी पुरोहित, चंचल ललित शर्मा, सुमन शर्मा, शिल्पी शर्मा, प्रगति शर्मा, स्वीटी गुप्ता, प्रीति राजगढ़िया, सिंपल राठी, अनिता अग्रवाल, पप्पू दुबे, प्रमोद जोशी, सुरेश शर्मा, रामलोचन तिवारी, रूपल गुप्ता, श्रवण अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, सोनल सेन, श्रेयष गुप्ता, प्रतीक अग्रवाल सहित हजारों श्याम प्रेमी शामिल रहे।



### मनोकामना पूरी करने ध्वज लेकर की पदयात्रा

ढाई हजार से अधिक धर्मप्रेमियों की निशान यात्रा जो लगभग 800 मीटर लंबी थी। यात्रा दुर्गा मंदिर से शनिचरी बाजार, गांधी चौक, सदर बाजार, मोती काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्किट, स्टेशन रोड, धमधा ओवर ब्रिज के ऊपर से कादम्बरी नगर श्री श्याम मंदिर पहुंची, जहां बाबा की नजर उतार कर स्वागत किया गया। खाटू श्याम निशान यात्रा में भक्त अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए ध्वज लेकर पैदल यात्रा करते हैं। कोई संतान सुख के लिए, तो कोई बीमारी से राहत पाने के लिए ध्वज यात्रा में शामिल हुए थे। कुछ लोग हर साल निशान चढ़ाते हैं, चाहे मन्नत पूरी हो या न हो।

## युवाओं को व्यवसाय प्रारंभ करने, वित्तीय साक्षरता और शासकीय योजनाओं की दी जानकारी

**भिलाई।** ईडीपी लीप उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन निटकॉन लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के सहयोग से किया गया।

यह प्रशिक्षण युवाओं और संभावित उद्यमियों को स्वरोजगार, उद्योग स्थापना और व्यवसाय विस्तार के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए किया गया था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को व्यवसाय प्रारंभ करने की प्रक्रिया, परियोजना प्रतिवेदन तैयार करना, वित्तीय साक्षरता, विपणन रणनीति, शासकीय योजनाओं की जानकारी तथा बैंक ऋण प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया।

विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न विषयों पर सत्र आयोजित किए गए, जिससे प्रतिभागियों के कौशल और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने व्यवसायिक विचारों को विकसित करने का अवसर प्राप्त किया। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए तथा उन्हें सफल उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया गया।




## रफी की आवाज मनोहर ठाकुर आज स्टील क्लब में देंगे प्रस्तुति

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में रफी की आवाज के नाम से मशहूर गायक मनोहर सिंह ठाकुर शनिवार की शाम स्टील क्लब में अपन प्रस्तुति देंगे। स्टील क्लब शासी निकाय के सचिव डी विजिथ, कोषाध्यक्ष अजय पांडे और मेटलर्जिकल म्यूजिक मेकर्स के अध्यक्ष ज्ञान चतुर्वेदी ने बताया कि कार्यक्रम संध्या 6.30 बजे प्रारंभ होगा। जिसमें 3एम के कलाकार भी प्रस्तुति देंगे। सेफी चेयरमैन तथा बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एनके बंछोर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे।



आत्मिक स्मृति और जगत नियंता परमात्मा की याद में कर्म कर जीवन सरल बनाएं... ब्रह्माकुमार आत्म प्रकाश माउंट आबू

कार्नर न्यूज

# आत्मिक स्मृति और जगत नियंता परमात्मा की याद में कर्म कर जीवन को बनाएं सरल : बीके प्रकाश

**भिलाई।** परमात्मा को इस मनुष्य रूपी कल्पवृक्ष के पत्ते पत्ते का पता है, भगवान को सर्वज्ञ जाननहार कहते हैं। वह इस मनुष्य रूपी कल्पवृक्ष के बीज रूप है। इस सृष्टि पर हम सभी आत्माएं अशरीरी विदेही आए थे, अशरीरी (विदेही) बनकर ही जाना है। यह बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में संस्था के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से मीडिया विंग के उपाध्यक्ष और ज्ञान अमृत मासिक पत्रिका के संपादक राजयोगी ब्रह्माकुमार आत्म प्रकाश भाई ने भिलाई प्रवास पर कही। राजयोगी ब्रह्माकुमार आत्म प्रकाश ने कर्मयोग के बारे में बताया कि हाथों से काम करें मन, बुद्धि से परमात्मा को याद करे, सब प्रभु की अमानत समझ कर कर्म करने वाला ही कर्मयोगी और सहज राजयोगी है। दो बातों का अटेंशन सदा रखो, कर्म करते स्वयं को ट्रस्टी समझ, आत्मिक स्थिति में स्थित रहकर कर्म करना है जगत नियंता परमात्मा की स्मृति से कर्म करो। आत्म अभिमानी अर्थात जिन्हें अपने पद, धन, शिक्षा, रूप, गुणों, विशेषताओं का अभिमान न हो। इस संसार में रहते हैं कमल फूल समान न्यारे रहो, संसार में व्याप्त बुराइयों का प्रभाव न पड़े। मनसा वाचा कर्मणा को श्रेष्ठ बनाएं। हमारा मन शांत निर्मल हो, वाणी मधुर मीठी हो, कर्मणा हमारे कर्म सभी को सुख देने वाले हो।





### असंभव को जो संभव बना दे वह है ब्रम्हकुमारी बहनें

सतयुग में एक राज्य, एक धर्म और एक भाषा थी, जिसको रामराज्य और प्राचीन भारत, स्वर्णिम भारत स्वर्ग कहा जाता था। भारत को बहुत ही मान देते हैं, अभी परमात्मा द्वारा सृष्टि पर पुनः राम राज्य की स्थापना का कार्य चल रहा है। जिनका बड़ा सच्चा और साफ दिल है उनके लिए असंभव कार्य भी संभव हो जाता है, जो कार्य ब्रह्माकुमारी बहनें पूरे विश्व में कर रही हैं ,यह ब्रह्माकुमारी संस्था का प्रत्यक्ष उदाहरण। इनकी एकता और परमात्मा में दृढ़ निश्चय और विश्वास से इनका हर कार्य सफल होता है। ब्रम्हकुमार ने कहा कि अपनी और दूसरों की विशेषताओं, गुणों को सामने रखो कमजोरी को नहीं, कमजोरी को ज्यादा नहीं सोचो खुशी में आगे बढ़ते जाओ। इस अवसर पर राजयोग भवन में पुनःनिर्मित भोलेनाथ शिव बाबा की भंडारी का रिबन काट कर, दीप प्रज्वलंन कर ब्रह्माकुमार आत्म प्रकाश, इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी, ब्रह्माकुमारी आशा दीदी और भिलाई के सभी सेवा केंद्रों की प्रमुख ब्रह्माकुमारी बहनों ने परमात्मा को याद कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ब्रह्मा वत्स उपस्थित रहे।

## धर्म लाइव

# जिस घर में माता-पिता का सम्मान नहीं, वहां प्रभु का वास नहीं





**दुर्ग।** चंडी मंदिर शिव पारा में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। सिलयारी धाम के आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री चाय वाले बाबा का कथा सुनने और अपनी परेशानियों को दूर करने सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। इस कथा में लोगों के भूत और भविष्य को एक मुट्ठी चावल और जसक्त के लाल फूल से बताई जा रही है।

आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री चाय वाले बाबा ने बताया कि कलयुग का प्रभाव ये है कि गौ सेवा नहीं हो रही है, मां-बाप की सेवा नहीं हो रही है, माता-पिता को मंदिर नहीं लेकर जाते परंतु कुत्ते को घुमाने ले जाते है। ऐसे में कैसे सनातन की रक्षा होगी। शास्त्री ने दान की महिमा बताते हुए बताया कि जीवन में दान करते रहना चाहिए। दान के बिना जीवन में कोई सार नहीं है। दुनिया में सबसे बड़ा दानी कर्ण है जिसने श्री कृष्ण को अपने घर के चौखट और बिस्तर की चंदन लकड़ी भेंट कर दी। कौरव व पाण्डव दोनों के पक्ष में धर्म के अवतार थे। पाण्डवों के पक्ष में युधिष्ठिर व कौरव के पक्ष में विधुर धर्म के अवतार थे, परंतु कौरव के पक्ष में हमेशा धर्म का अपमान होता था। घर में माता-पिता का अपमान होता था। ऐसे घर में कभी धर्म का और प्रभु का वास नहीं हो सकता है तो निश्चित पतन प्रारंभ हो जाता है। मनुष्य को अपने कर्मों पर अधिक ध्यान देना चाहिए। कर्म अच्छा है तो धन भी अच्छे रास्ते में लगेगा।

## समाज लाइव

# साधन विहीन बच्चों तक पहुंची शिक्षा ब्लैकबोर्ड व चाक से सजे सपने



**भिलाई।** शिक्षा समाज के उस वर्ग के लिए सबसे बड़ी ताकत है, जो संसाधनों के अभाव में पीछे छूट जाता है। शहर की सामाजिक संस्था दिशा ने इसी सोच के साथ बोरसी स्थित बीज निगम की श्रमिक बस्ती में संचालित एक पाठशाला को आवश्यक शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराई।

- दिशा संस्था ने श्रमिक बस्ती की पाठशाला को उपलब्ध कराया शैक्षणिक संसाधन

संस्था के वरिष्ठ सदस्य जीएस संधू और एसके देशोरे के सहयोग से पाठशाला संचालक राजेश कुमार सिंह को ब्लैक बोर्ड, डस्टर और चाक प्रदान किए गए। इन संसाधनों के अभाव में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। अब व्यवस्थित तरीके से कक्षाएं संचालित हो सकेंगी। संस्था की ओर से बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। इस दौरान बच्चों में उत्साह देखने को मिला।

स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना की। जीएस संधू ने कहा कि समाज के सामूहिक प्रयास से ही यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। एसके देशोरे ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो अभावों के बीच पल रहे बच्चों को आत्मनिर्भर बनने का रास्ता दिखाती है। इस अवसर पर शैलेश देशोरे, सुजीत चक्रवर्ती, जवाहर, रामानुजन राजू, भास्कर देवनाथ, शांतनु दासगुप्ता और कल्याण राय सहित संस्था के अन्य सदस्य मौजूद थे।



## भिलाई महिला समाज ने दस्ताना, स्टेशनरी सहित सभी इकाइयों में बांटी होली की खुशियां

**भिलाई।** होली के अवसर पर भिलाई महिला समाज द्वारा समाज की सभी इकाइयों के अंतर्गत दस्ताना, पेट्रोल पंप, मसाला, स्टेशनरी एवं साबुन के वर्कर्स को मिठाई और नगद प्रदान कर त्योहार की खुशियां साझा की गईं। इस अवसर पर महिला समाज की कार्यकारी अध्यक्षा छवि



निगम और उपाध्यक्ष पूनम कुमार ने स्वयं उपस्थित होकर सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं और उनके समर्पण एवं परिश्रम की सराहना की। सदस्यों ने बताया कि होली को अब कुछ ही दिन शेष रह गए है। जिसे मनाने लोग अपने-अपने घरों को लौटते है। सभी इकाइयों में कार्यरत महिलाओं को होली मनाने और बच्चों के लिए पिचकारी और मिठाई ले सके , इसलिए उन्हें समानों का वितरण किया गया है। कार्यक्रम में महिला समाज की महासचिव सोनाली रथ, सह सचिव चैती पाल, कोषाध्यक्ष शिखा जैन, सह कोषाध्यक्ष रीता तिवारी, वर्किंग कमेटी सदस्य रूखसाना बेगम, सुधा शर्मा, रागिनी शर्मा, सुषमा सलवटकर, बबीता सिंह,सपना सोनी, नीलिमा साहू और लक्ष्मी पटेल प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

---

## प्रथम वाहिनी छग सशस्त्र बल भिलाई परिसर में आयोजित चौदहवीं तीरंदाजी प्रतियोगिता

# तीरंदाजी स्पर्धा में बच्चों संग पहुंची महिला प्रतिभागी आईटीबीपी को 22 व सीआरपीएफ को मिले 11 पदक

**भिलाई।** प्रथम वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल भिलाई परिसर में आयोजित चौदहवीं अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता 2025-26 के चौथे दिवस विभिन्न स्पर्धाओं के फाइनल मुकाबले उत्साह, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण में संपन्न हुए। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने उच्च स्तर का खेल प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में रिकर्व, कंपाउंड और इंडियन राउंड के अंतर्गत एलिमिनेशन, टीम एवं मिक्स्ड टीम इवेंट के निर्णायक मुकाबले नियमों के अनुसार आयोजित किए गए थे।

प्रतियोगिता में महिला प्रतिभागी अपने परिवारजनों और बच्चों के साथ शामिल हुए। जिससे आयोजन स्थल पर पारिवारिक वातावरण दिखाई दिया। यह आयोजन पुलिस परिवारों के मध्य सामंजस्य, खेल भावना और मनोबल को सुदृढ़ करने के लिए आयोजित किया गया।प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने उच्च स्तर का खेल प्रदर्शन किया। निर्धारित स्कोरिंग प्रणाली के आधार पर व्यक्तिगत एवं ग्रुप इवेंट में विजेता खिलाड़ियों एवं टीमों को पदक प्रदान किए गए। आयोजन भारतीय तीरंदाजी संघ के तकनीकी दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संचालित किया जा रहा है।









### पदक किया अपने नाम

चौथे दिन हुई स्पर्धा में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) 22 पदक, उत्तर प्रदेश 11 पदक, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) 11 पदक, असम राइफल्स 9 पदक, राजस्थान 8 पदक, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) 7 पदक, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) 7 पदक, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 6 पदक, महाराष्ट्र 5 पदक, पंजाब 5 पदक, असम 1 पदक प्राप्त किये। ग्रुप इवेंट में आईटीबीपी 3 पदक, उत्तर प्रदेश 3 पदक, असम राइफल्स 2 पदक, सीआरपीएफ 2 पदक, बीएसएफ 2 पदक, एसएसबी 2 पदक, असम 1 पदक, महाराष्ट्र 1 पदक, सीआईएसएफ 1 पदक प्राप्त हुए।

### आयोजन स्थल पर सकारात्मक और प्रेरक वातावरण

प्रतियोगिता के दौरान कुछ महिला पुलिस अधिकारियों ने अपने परिवारजनों और बच्चों के साथ उपस्थिति दर्ज कराई। जिससे आयोजन स्थल पर पारिवारिक सौहार्द एवं प्रेरणादायी वातावरण दिखाई दिया। यह सहभागिता पुलिस परिवारों के मध्य सामंजस्य, खेल भावना और मनोबल को सुदृढ़ करने का प्रतीक रही।



### पदक वितरण समारोह में अधिकारी हुए शामिल

आयोजन के चौथे दिवस के समापन अवसर पर पदक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, विवेकानंद सिन्हा, राजेश कुकरेजा, प्रज्ञा मेश्राम के साथ ही दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के वरिष्ठ अधिकारी, उप पुलिस महानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग, उप सेनानी एवं आयोजन समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।

### सुरक्षा और व्यवस्थाएं रही चाक-चौबंद

आयोजन स्थल प्रथम वाहिनी परिसर, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, भिलाई में सुरक्षा, चिकित्सा सहायता, तकनीकी पर्यवेक्षण एवं यातायात प्रबंधन की समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि प्रतिभागियों को कोई असुविधा न हो सके। प्रतियोगिता के संचालन में प्रथम वाहिनी, आयोजन समिति, तकनीकी अधिकारियों और ड्यूटी में तैनात पुलिस बल की भूमिका सराहनीय रही।

---

## नेहरू नगर में हो रहा आयोजन

# नवधा रामायण में सीता हरण, हनुमान मिलाप, सुंदरकांड की कथा, समापन कल





**भिलाई।** नेहरू नगर, भिलाई स्थित राधा कृष्ण मंदिर में आयोजित नवधा रामायण महोत्सव का सातवाँ दिन भावपूर्ण और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। शुक्रवार को सीता हरण, हनुमान मिलाप एवं सुंदरकांड के दिव्य प्रसंग का श्रद्धालुओं ने पाठ किया। इस दौरान मंदिर परिसर में आस्था, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुंदरकांड के पाठ में दो हजार से अधिक श्रद्धालु जुटे। रामायण पाठ के दौरान जोधपुर राजस्थान से पधारे रामायण पाठकर्ता पंडित गिरधर गोपाल आसोपा और पंडित सुशील आसोपा द्वारा जैसे ही जय हनुमान ज्ञान गुण सागर की स्वर लहरियाँ गूँजीं, पूरा वातावरण राममय हो गया। भक्तों की एक स्वर में निकली रामधुन ने ऐसा आध्यात्मिक वातावरण निर्मित किया कि हर हृदय भाव-विभोर हो उठा। सीता हरण के प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया, वहीं हनुमान मिलाप के प्रसंग ने सभी के हृदय में आशा, विश्वास और भक्ति का संचार किया। सुंदर कांड का सामूहिक पाठ श्रद्धालुओं के लिए एक अद्भुत आध्यात्मिक अनुभूति बन गया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं पवनपुत्र हनुमान जी की कृपा उस स्थल पर बरस रही हो। मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। व्यवस्थाओं की उत्कृष्ट तैयारी के कारण हजारों श्रद्धालु सुव्यवस्थित रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने इस भव्य आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक रूप से सुंदर कांड का पाठ करने का यह अवसर उनके जीवन का अविस्मरणीय क्षण बन गया। पूरे परिसर में जय श्री राम और बोलो पवनसुत हनुमान की जय के उद्घोष गूंजते रहे। इस अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर समिति नेहरू नगर के अध्यक्ष संजय रुंगटा, बंशी अग्रवाल, चतुर्भुज राठी, सुधीर अग्रवाल, ललित सक्सेरिया, प्रहलाद रूंगटा, विशम्भर अग्रवाल, रवि पीडियार, नवल अग्रवाल, दिनेश सिंघल, राजकुमार अग्रवाल, संतोष रुंगटा, दिलीप अग्रवाल, विजय अग्रवाल, सुभाष गुलाटी, विकास सिंघल, सुरेश जैन, मनीष पाण्डेय, रवि प्रकाश पाण्डेय, विजय गुप्ता, खेमचंद मध्यानी, कांतिलाल शर्मा, अशोक सिंघल, राम भगत अग्रवाल, उषा दिनोंदिया, सुनीता अग्रवाल के अलावा हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## वार्षिक स्नेह सम्मेलन

# प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए



**भिलाई।** शासकीय नवीन महाविद्यालय, बोरी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत वार्षिक स्नेह सम्मेलन और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन विद्यार्थियों की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-पाठयक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट उपलब्धियां को सम्मानित करने के लिए किया गया था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। विभिन्न विषयों और गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ तेल धनी विकास बोर्ड अध्यक्ष, छग शासन कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त जितेंद्र साहू, जिला पंचायत दुर्ग उपाध्यक्ष पवन शर्मा उपस्थित थे। इस अवसर पर जितेंद्र साहू ने विद्यार्थियों को परिश्रम अनुशासन एवं नवाचार को जीवन का मूल मंत्र बताते हुए कहां की युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं अवसर उपलब्ध कराने के लिए शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी साझा की। पवन शर्मा ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। अतिथियों ने सांस्कृतिक गतिविधियों एवं शैक्षणिक उपलब्धियों के संतुलन को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमर तलत ने महाविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियो एवं नवाचारों तथा भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए सभी अतिथियों एवं सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जन भागीदारी प्रबंध समिति के सदस्य, ग्राम क्षेत्र के सरपंच, सामाजिक कार्यकर्ता, पालक, एलुमनी के प्रतिनिधि एवं महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक उपस्थित थे।

---

## विशेषज्ञों का मानना हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, कोलेस्ट्रॉल, धूम्रपान और तनाव प्रमुख कारण

# पिछले 30 साल में लकवा स्ट्रोक के मरीज 51% तक बढ़े, गोल्डन ऑवर में हॉस्पिटल पहुंचे तो थ्रंबोलाइसिस से बच सकती है जान

**कार्नर न्यूज**

**दुर्ग।** शहर में लकवा (स्ट्रोक) के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, कोलेस्ट्रॉल, धूम्रपान और तनाव इसके प्रमुख कारण हैं। अचानक चेहरे का टेढ़ा होना, बोलने में दिक्कत, हाथ-पैर में कमजोरी या सुन्नपन स्ट्रोक के मुख्य लक्षण हैं, जिन्हें नजरअंदाज करना जानलेवा साबित हो सकता है।

आंकड़ों की मानें तो दुनिया भर में हर साल लगभग 15 मिलियन लोग स्ट्रोक का सामना करते हैं। लगभग 5 मिलियन लोगों की मौत हो जाती है, जबकि कई लाख लोग गंभीर विकलांगता से जूझते हैं। स्ट्रोक अभी भी विश्व में मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण बना हुआ है। भारत में स्थिति और भी चिंताजनक है। पिछले तीन दशकों में भारत में स्ट्रोक के नए मामलों में लगभग 51 % की वृद्धि हुई है, और 2021 में देश में लगभग 12.5 लाख नए स्ट्रोक के मामले दर्ज किए गए। सरकार और स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार देश में हर साल लाखों लोग स्ट्रोक का सामना करते हैं, विशेषकर मध्यम आयु वर्ग और बुजुर्गों में। लक्षणों की पहचान के लिए विशेषज्ञ बी फास्ट फॉर्मूला याद रखने की सलाह देते हैं।



### लकवा की वजह को भी जानिए पता चलते ही पहुंचे हॉस्पिटल

विशेषज्ञों ने बताया कि लकवा के कारण, उपचार और रोकथाम को जानना आवश्यक है। इसमें लगवा रोगी हो साढ़े चार घंटे के भीतर उपचार मिलना चाहिए। न्यूरो संबंधित रोगों का इलाज दवा और अध्यात्म के समन्वय से भी संभव हो सकता है। दिमाग का दिल से सीधा संबंध है। इसलिए लकवा की प्रमुख वजह उच्च रक्तचाप है। हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, कोलेस्ट्रॉल, धूम्रपान और तनाव इसके प्रमुख कारण हैं। इन सबसे बचने का प्रयास करना चाहिए। सुबह के समय वर्कआउट करने से इन समस्याओं को कम किया जा सकता है। मेडिटेशन भी मानसिक तनाव को कम करना का बेहतर विकल्प है।

### लकवा से बचने के लिए बी फास्ट उपाय कारगर

चिकित्सक बताते हैं कि लकवा से बचने के लिए बी फास्ट कारगर है। बी से बैलेंस यानी संतुलन बिगड़ना, ई से आई में अचानक धुंधला दिखना, एफ से फेस टेढ़ा होना, ए से आर्म यानी हाथ में कमजोरी, एस से स्पीच यानी बोलने में दिक्कत, टी से टाइम यानी समय बर्बाद न करें, तुरंत अस्पताल जाएं पर ध्यान रखना होगा। बी फास्ट को याद रखकर गोल्डन ऑवर को समझना होगा। समय रहते विशेषज्ञ चिकित्सक तक पहुंचना होगा। तभी जान बच सकती है।

### शुरुआती 3 से साढ़े 4 घंटे को माना गया है गोल्डन ऑवर

न्यूरोसर्जन डॉ कुलदीप सिंह के अनुसार, यदि ब्रेन हेमरेज या बड़ी ब्लॉकेज हो तो सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है। डॉक्टरों की सलाह है कि लक्षण दिखते ही बिना देरी के विशेषज्ञ अस्पताल पहुंचें, क्योंकि समय पर इलाज ही स्ट्रोक से बचाव की सबसे बड़ी कुंजी है।



आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. यश जैन ने बताया कि स्ट्रोक के शुरुआती 3 से 4.5 घंटे को गोल्डन ऑवर माना जाता है। इस दौरान थ्रंबोलाइसिस उपचार के जरिए दिमाग की नस में जमे खून के थक्के को दवा से घोलकर रक्त प्रवाह दोबारा शुरू किया जाता है, जिससे मरीज को स्थायी लकवे से बचाया जा सकता है।

# स्व सहायता समूह ने बनाया आर्गेनिक रंग, होली पर बिखरेगी रौनक

## महिलाओं की पहल पर तैयार इन रंगों का इस्तेमाल होली त्योहार में होगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नंदिनी अहिवारा

नगर पालिका परिषद अहिवारा के अंतर्गत संचालित स्व-सहायता समूहों द्वारा होली पर्व के अवसर पर पर्यावरण अनुकूल (ऑर्गेनिक) रंगों का निर्माण किया गया है। यह पहल नागरिकों को रसायन मुक्त एवं त्वचा के लिए सुरक्षित रंग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है।

समूह की महिलाओं द्वारा प्राकृतिक फूलों, हल्दी, चुकंदर, पालक एवं अन्य प्राकृतिक पदार्थों से विभिन्न आकर्षक रंग तैयार किए गए हैं। इन रंगों में किसी भी प्रकार के हानिकारक रसायन का उपयोग नहीं किया गया है, जिससे यह त्वचा एवं पर्यावरण के लिए पूर्णतः सुरक्षित हैं।



नगर पालिका परिषद अहिवारा द्वारा इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस होली पर शासन के निर्देशानुसार स्वदेशी एवं ऑर्गेनिक रंगों का उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें तथा स्थानीय स्व-सहायता समूहों को प्रोत्साहित करें।

इन ऑर्गेनिक रंगों की बिक्री नगर पालिका परिसर एवं निर्धारित विक्रय केंद्रों पर की जा रही है। प्रथम दिन ही 500 रूपये की विक्रय की गई है। इच्छुक नागरिक इन केंद्रों से रंग क्रय कर सकते हैं।

नगर पालिका परिषद अहिवारा के अध्यक्ष विद्यानंद कुशवाहा उपाध्यक्ष अशोक बाफना, अंकुर पाण्डेय मुख्य नगर पालिका अधिकारी, खिलानंद कुल्हारे उपअभियंता गोस्वामी आकाश भारती तथा स्व सहायता समूह की महिलाओं ने सभी नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल होली की शुभकामनाएं दी है।

## खबर संक्षेप

### साय सरकार किसानों की हितैषी सरकार : साहू



**निकुम।** पुकेश्वर भारती कॉलेज निकुम जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सुरेश साहू ने कहा कि भाजपा ने जो वादा करती है उसे पूरा करने में संकल्पित भी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की विष्णु देव सरकार अपने वादों को पूरा करते हुए किसानों को बचे अंतर की राशि का भुगतान कर रही है, सरकार ने प्रतिबद्धता दर्शायी है।

## निधन

### नेमीचंद लुंकड़



**दुर्ग।** एचआईजी 17 पद्मनाभपुर निवासी नेमीचंद लुंकड़ 87 वर्ष का निधन 26 फरवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 फरवरी को हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे विनोद लुंकड़ के पिता थे।

### वात्सला बुलदेव



**दुर्ग।** पंचशील नगर सड़क-7 बोरसी दुर्ग निवासी 86 वर्षीय वात्सला बुलदेव का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से 28 फरवरी शनिवार को दोपहर 3.30 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। वे वीएसपी कुर्मी नरेंद्र सुशांत और अर्चना की मां तथा अनुपमा व नम्रता की सासू मां थीं।

### ऊषा ताम्रकार



**भिलाई।** क्वार्टर नंबर 4 बी, सड़क-43, सेक्टर-7 भिलाई निवासी ऊषा ताम्रकार पति त्रिलोक चंद ताम्रकार का निधन शुक्रवार को हो गया है। वे बलराज ताम्रकार भूपेश की मां और विमल ताम्रकार की भाभी थी। उनका अंतिम संस्कार 28 फरवरी शनिवार को हरनाबांधा मुक्तिधाम दुर्ग में किया जाएगा। अंतिम यात्रा सुबह 11 बजे निवास स्थान से निकाली जाएगी।

## बच्चों की आंखों में हो रही परेशानी, जिला प्रशासन को भेजी गई जांच रिपोर्ट

# बच्चों की जांच के लिए पहुंचा स्वास्थ्य विभाग का अमला, छह में मिले लक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पाटन

ग्राम कौही के प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची। जहां सभी बच्चों की जाँच की गई। जिसमे कुछ बच्चों की आँख में परेशानी व नाक में दर्द होने की पुष्टि की गई। वहीं विभागीय स्तर पर इसका कारण धूल व मिट्टी से परेशानी बताया गया है।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार 26 फरवरी को इस स्कूल के 20-25 बच्चों के आँखो से आंसू आना, नाक में दर्द, और सांस लेने में दिक्कत जैसी समस्याएं सामने आई थीं। जिससे बच्चे स्कूल में ही अवस्थ्य नजर आ रहे थे। बच्चों की तबीयत बिगड़ने पर इसकी जानकारी लेने ब्लाक शिक्षा अधिकारी भी स्कूल पहुंचे थे। इधर पालकों का कहना है कि आसपास संचालित ईंट भट्ठों से निकल रहे धूल और धुंए के कारण कई बच्चों को सिर दर्द, आँख में जलन आंसू आना, थकान और उल्टी की शिकायत हुई थी। स्थिति बिगड़ने पर शिक्षकों ने तत्काल बच्चों के पालकों को सूचना दी और उनकी स्वास्थ्य की स्थिति से अवगत कराया। साथ ही विकासखंड शिक्षा अधिकारी को भी पूरे मामले की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही बीईओ ढालेंद्र देवांगन स्कूल पहुंचे और हालात का जायजा लिया।

### चिकित्सा और राजस्व विभाग की कार्रवाई का इंतजार



### साल भर से कर रहे शिकायत

पालकों ने बताया कि अपने बच्चों को इस परेशानियों से बचाने के लिए पिछले एक वर्ष से शिकायत पे शिकायत किये जा रहे हैं लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। इस स्कूल में करीब 170 बच्चे हैं जो कि अपने भविष्य बनाने के लिए स्वास्थ के साथ संघर्ष कर रहे हैं।

### नोटिस पर नोटिस लेकिन कार्रवाई शून्य

ग्रामीणों ने इसकी शिकायत पहले एसडीएम को फरवरी 2025 में की थी। जिसमे जाँच के लिए पटवारी को भेजा गया था लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद इस वर्ष शिकायत किया गया तो कार्रवाई के लिए एसडीएम के द्वारा नयाब तहसीलदार मनोज रस्तोगी को 9 फरवरी को भेजा गया। जहां से जाँच कर नायब तहसीलदार आ गए। जिसके बाद फिर से एसडीएम के निर्देश पर राजस्व विभाग व खनिज विभाग की सयुंक्त टीम जाँच के लिए 11 फरवरी को पहुंची। जहां नोटिस के माध्यम से ईट बनाने व बेचने के लिए मना किया गया। एक सप्ताह का समय भी दिया गया ईट हटाने का लेकिन नोटिस का कोई असर नहीं हुआ और अधिकारी भी नोटिस थमा कर चले गये। उसके बाद 25 फरवरी को स्कूल में ताला बंदी की गई तो फिर से नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह को भेजा गया। उन्होंने भी एक सप्ताह का समय दिया व स्टे लगाने की बात कही। लेकिन हटाने के लिए किसी प्रकार कि कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

### चिकित्सा विभाग के मुताबिक छह बच्चों पर प्रभाव

इस मामले में पाटन के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ बी कठौतिया ने कहा कि जाँच रिपोर्ट के अनुसार बच्चों में फर्क तो पड़ रहा हैं। बच्चों की आँखो में इफेक्ट आ रहा हैं। एलर्जी ,सांस लेने में दिक्क़ते व आँखो में जलन हो रही हैं।धूल धक्कड़ से परेशानी हो रही हैं। सभी बच्चों की जाँच की गई। जिसमें तकलीफ वाले 6 बच्चो की भी विशेष जाँच की गई। इनमें तीन बच्चों की आँख में और तीन बच्चों के नाक में लक्षण पाए गए हैं। इसकी रिपोर्ट जिला चिकित्सा अधिकारी को भेजी जाएगी।

### राजस्व विभाग करेगा कार्रवाई : मिश्रा

वहीं खनिज अधिकारी दुर्ग दीपक मिश्रा ने कहा कि मामले में कार्रवाई हुई हैं। सम्बन्धित को नोटिस भी दी गई हैं। पेनाल्टी जमा करने को भी कहा गया हैं। इस में मामले में रेवेन्यू विभाग कार्रवाई करेगा। ईट भट्टे वालों ने अगर नियम तोड़ा हैं तो इस पर कार्रवाई रेवेन्यू विभाग करेगा।

# सड़क निर्माण और विकास कार्यों के लिए 31 करोड़ 50 लाख का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के प्रयासों से छत्तीसगढ़ बजट 2026-27 में दुर्ग जिले के लिए 31 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से विभिन्न सड़क निर्माण और विकास कार्यों का प्रावधान किया गया है। ये कार्य क्षेत्र के विकास और आवागमन को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि यह बजट दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। हमने क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास किया है और आगे भी करते रहेंगे।



■ यह बजट दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम

विधायक ने बताया कि बांधा तालाब नगपुरा साहेब पारा से अंजनिया अंजोरा पहुंच मार्ग लंबाई 3.00 किमी का निर्माण कार्य, भोथली से तिरगा पहुंच मार्ग लंबाई 2.00 किमी का जीर्णोद्धार और मजबूतीकरण कार्य, पंचायत निकुम से सड़क निर्माण व चौड़ीकरण मार्गए अटल चौक से गोडेला मोड़ तक लंबाई 3.00 किमी के लिए 280.00 लाख का प्रावधान है। इसी प्रकार नगपुरा से अंजोरा डाबा मार्ग निर्माण कार्य पुल पुलिया सहित लंबाई 2.90 किमी के लिए 270.00 लाख, मुख्य मार्ग से बाल संप्रेषण गृह, एनसीसी 37 बटालियन और हाईस्कूल पुलगांव, पहुंच मार्ग पुल पुलिया सहितः लंबाई 2.00 किमी के लिए प्रावधान, जैन मंदिर के बाजू से बोरई गनियारी मार्ग से बाबा देवता तक पहुंच मार्ग पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य लंबाई 1.50 किमी के लिए 140.00 लाख का प्रावधान। दुर्ग शहर के कोटनी नगपुरा पहुंच मार्ग का चौड़ीकरण कार्य पुल पुलिया सहित लंबाई 10.00 किमी के लिए 480.00 लाख रुपए, चंदखुरी से शिवनाथ नदी मार्ग का निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित लंबाई 6.50 किमी के लिए 480.00 लाख, निकुम खुर्सीपार भोथली मार्ग लंबाई 6.00 किमी का चौड़ीकरण और उन्नयन कार्य 480.00 लाख, ग्राम कोनारी भरदा अलबरस निकुम मार्ग का निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित लंबाई 10.40 किमी 400.00 लाख, बोरई से भरदाडीह (मनगट्टा) मार्ग लंबाई 4.00 किमी में निर्माण कार्यः 380.00 लाख, धनौद गौठान से बुढ़ार नदी तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित लंबाई 2.70 किमी, बोरई मनगट्टा मार्ग निर्माण कार्य पुल पुलिया सहित लंबाई 2.40 किमी 240.00 लाख, धनौद कोलिहापुरी मार्ग लंबाई 4.80 किमी का चौड़ीकरण और उन्नयन कार्य 40.00 लाख रुपए का प्रावधान है।

## बिजनेस साइट

### जानकारी के अभाव में बिगड़ता है हेपाटाइटिस रोग : डॉ.एचसी अग्रवाल



**भिलाई।** प्रसिद्ध वायरोरिसर्च के संचालक डॉ. एच.सी. अग्रवाल स्टेशन रोड दुर्ग ने लीवर (यकृत) की बीमारी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लीवर और हेपाटाईटिस की बीमारी दोनों अलग-अलग हैं, जबकि लोग इसे एक ही समझते हैं। हेपाटाईटिस एक वायरस जन्य रोग है जबकि लीवर रसायनिक प्रक्रिया (केमिकल कम्पाउण्ड) के कारण होता है। जानकारी के अभाव नें लोग लीवर के टेस्ट कराते हैं तो वो स्वस्थ पाया जाता है और पता चलता है कि उसे हेपाटाईटिस है। ऐसे में कई बार मरीज की जान तक जा सकती है। हेपाटाईटिस अगर बिगड़ जाता है तो वो सीधे लीवर को संक्रमित करता है। उन्होंने वायरस के बारे में बताया कि वायरस एक तत्व है जीव नहीं ये सिर्फ आयुर्वेद के रस रसायन के द्वारा जड़ से खत्म किया जा सकता है।

### सीसीईटी भिलाई ने 'नैनोटेक्नोलॉजी' पर राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी की



**भिलाई।** नैनो प्रौद्योगिकी में हाल के रुझानों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन (एनसीआरटीएन-2026) क्रिश्चियन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीसीईटी), भिलाई में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 25 और 26 फरवरी को कार्यक्रम सेंट थॉमस, भिलाई के साथ सहयोग और भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी), दुर्ग के तकनीकी सहयोग से आयोजित किया गया। यह सम्मेलन वैज्ञानिकों, उद्योग विशेषज्ञों और शोधकर्ताओं के लिए नैनो विज्ञान के बढ़ते क्षेत्र और इसके बहु-विषयक अनुप्रयोगों पर विचार-विमर्श करने का एक उच्च स्तरीय मंच साबित हुआ। सीसीईटी भिलाई के प्रिंसिपल डॉ. जितेंद्र तिवारी ने प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए संस्थागत सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। सेंट थॉमस, भिलाई और बीआईटी दुर्ग के प्रतिनिधियों ने इस बात पर बल दिया कि जटिल इंजीनियरिंग चुनौतियों को हल करने के लिए संसाधनों और विशेषज्ञता को साझा करने हेतु इस प्रकार की शैक्षणिक साझेदारियां आवश्यक हैं। बीआईटी दुर्ग के सहयोग से प्रस्तुत शोध पत्रों के लिए एक मजबूत सहकर्मी-समीक्षा ढांचा उपलब्ध हुआ, जिससे उच्च शैक्षणिक मानकों को सुनिश्चित किया जा सका। इस बीच, सेंट थॉमस के सहयोग से सम्मेलन का दायरा बढ़ा और आधुनिक पाठ्यक्रमों में नैनो तकनीक के नैतिक और शैक्षिक निहितार्थों पर विविध दृष्टिकोणों को शामिल किया गया। कार्यकारी उपाध्यक्ष, फादर डॉ. पी. एस. वर्गीस ने इस बात पर जोर दिया कि सीसीईटी भिलाई की नैनो तकनीक में विशिष्ट एम.टेक कार्यक्रम प्रदान करने की प्रतिबद्धता केवल अकादमिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के लिए समाधान तैयार करने के बारे में भी है। उन्होंने सेंट थॉमस, भिलाई के साथ सहयोग और भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी), दुर्ग के साथ तकनीकी सहयोग के लिए गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। सम्मेलन में ग्रीन नैनो तकनीक, नैनो-मेडिसिन, पदार्थ विज्ञान, सतत ऊर्जा और कई अन्य विषयों पर केंद्रित मुख्य भाषण और तकनीकी सत्र आयोजित किए गए।

### शंकराचार्य इंस्टीट्यूट में नशा मुक्ति पर चला जागरुकता अभियान



**भिलाई।** श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने 20 से 26 फरवरी तक आदर्श ग्राम पलौद में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया। इस वर्ष की थीम रही नशा मुक्त भारत में युवा की भूमिका। आयोजन का उद्देश्य युवाओं और ग्रामीणों के बीच नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता बढ़ाना और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना मजबूत करना था। कार्यक्रम अधिकारी आनंद ताम्रकार ने बताया कि शिविर के दौरान रोज सुबह 5 बजे से रात 10.30 बजे तक गतिविधियां चलीं। प्रभात फेरी, रामधुन, योग और ध्यान सत्र के साथ श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिविर में महिला सशक्तिकरण, शिक्षा मित्र अभियान, पर्यावरण संरक्षण, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और रक्तदान शिविर लगाए गए। ग्रामीण महिलाओं के लिए ड्रोन संचालन का प्रदर्शन भी किया गया ताकि उन्हें नई तकनीक से जोड़कर आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित किया जा सके। उच्च शिक्षा विभाग से नीतू मंडावी, सहायक संचालक छत्तीसगढ़ राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी ने एड्स से बचाव और जागरूकता पर व्याख्यान दिया। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डीएस रघुवंशी ने शिविर का निरीक्षण कर स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन दिया। स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए नशा मुक्ति का संदेश गांव-गांव तक पहुंचाया। संस्था के चेयरमैन बीजी निशांत त्रिपाठी ने एनएसएस इकाई को बधाई दी। आयोजन में सह कार्यक्रम अधिकारी आयुष साहू, दलनायक धनेन्द्र साहू, दलनायिका कुमारी जूली और सभी स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका रही। वहीं ग्राम पंचायत पलौद की सरपंच सुषमा ध्रुव, उपसरपंच बिहारी लाल साहू और पंचगण का भी विशेष सहयोग मिला।

### शहीद कप में देशभक्ति और खेल भावना के बीच रोमांचक मुकाबला



**भिलाई।** वीर शहीदों की पावन स्मृति में आयोजित शहीद कप क्रिकेट प्रतियोगिता का छठवां दिवस उत्साह और अनुशासन के माहौल में संपन्न हुआ। आयोजन एचएमजीएम जन सेवा समिति के अध्यक्ष लोकेश पांडे की अनुशंसा और विनय टंडन के नेतृत्व में किया जा रहा है। मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता प्रवीण सोनी, समाजसेवी दिनेश यादव और जितेंद्र ठाकुर शामिल थे। उपकार चंद्राकर ने कहा कि शहीदों के त्याग को याद रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। खेल युवाओं को अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना सिखाता है। ऐसे आयोजन राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करते हैं। अतिथियों ने टॉस कर मैच का शुभारंभ किया। इसके बाद मैदान पर दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। इस दौरान समिति के सदस्य रिंकू तिवारी, समीर, रवि, तरुण, आयुष, हितेश, शिवांत, जतिन आदि उपस्थित थे।

# शिवनाथ नदी में बढ़ता प्रदूषण बना संकट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमधा

धमधा क्षेत्र से होकर बहने वाली शिवनाथ नदी में बढ़ते प्रदूषण ने गंभीर स्थिति पैदा कर दी है। नदी में बड़ी संख्या में मछलियों के मरने की घटना सामने आने के बाद ग्रामीणों में हड़कंप की स्थिति है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से नदी किनारे मृत मछलियाँ पड़ी हुई देखी जा रही हैं। इससे आसपास के क्षेत्र में बदबू फैल रही है और लोगों में भय व चिंता का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि नदी में लगातार प्लास्टिक, घरेलू कचरा एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थ फेंके जा रहे हैं, जिससे जल दूषित हो रहा है और जलीय जीवों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

■ मछलियों की मौत से क्षेत्र में दहशत, पेयजल पर भी मंडराया खतरा



### पेयजल आपूर्ति पर उठे सवाल

गौरतलब है कि उक्त नदी से ही पंचायत क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति की जाती है। ऐसे में पानी की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते पानी की जांच एवं सफाई नहीं कराई गई तो जलजनित बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ सकता है।

### जांच और कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से नदी के जल की तत्काल जांच कराने, सफाई अभियान चलाने तथा कचरा फेंकने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही नियमित निगरानी व्यवस्था लागू करने पर भी जोर दिया है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो। अब क्षेत्रवासियों की निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं।



### होली में हुड़दंगियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**कुम्हारी।** गुरुवार को थाना कुम्हारी परिसर में होली को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए सी एस पी छावनी प्रशांत सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। पुलिस प्रशासन ने यह स्पष्ट किया कि त्यौहार के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। थाना प्रभारी पुरुषोत्तम कुर्रे ने बताया कि शहर के चिन्हित संवेदनशील इलाकों में पुलिस की फिक्स ड्यूटी लगाई जाएगी। सीएसपी प्रशांत सिंह ने स्पष्ट किया कि कानून तोड़ने एवं आदेशों का पालन न करने वालों पर सख्ती से कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर कुंदन शर्मा तहसीलदार भिलाई-3, नगरपालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, पार्षद उमेश्वरी साहू, मिथलेश यादव, लोकेश साहू, अश्वनी देशलहरे, प्रवीण राव, हरिदास वैष्णव, ओंकार मारकंडे, लेखराम साहू, उमेश साहू एवं काजू भाई सहित नागरिकगण उपस्थित रहे।

### गौरव को कांग्रेस पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी

**भिलाई।** कांग्रेस पार्टी में लंबे समय से सक्रिय युवा कार्यकर्ता गौरव उमरे को शहर जिला संगठन में महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद पर जिम्मेदारी सौंपी गई है। अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने उन्हें नियुक्ति दी है। गौरव उमरे वर्ष 2016 से 2019 तक भारतीय युवा कांग्रेस में शहर उपाध्यक्ष के पद पर सक्रिय रहे। उन्होंने युवाओं को संगठन से जोड़ने एवं पार्टी की विचारधारा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्ष 2020 से 2024 तक आपने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग में जिलाध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए सामाजिक समरसता एवं संगठन विस्तार हेतु उल्लेखनीय योगदान दिया। इसके अतिरिक्त वर्ष 2020 से वर्तमान तक जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आपको भारतीय युवा कांग्रेस एवं राष्ट्रीय छात्र संघ का प्रभारी नियुक्त किया गया, जहां वे युवा एवं छात्र संगठनों के समन्वय, संगठन सशक्तिकरण तथा राजनीतिक गतिविधियों के संचालन में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।



### व्यापारी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने कबीर



**भिलाई।** जिला साहू संघ भिलाई नगर के समस्त पदाधिकारियों की सहमति से कार्यकारिणी में कई पदों पर मनोनयन किया गया। जिसमें कबीर साहू को साहू समाज भिलाई के व्यापारी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बनाए गए हैं।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण का विस्तार

**अंडा।** दुर्ग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने नई कार्यकारिणी सूची को अनुमोदित कर जारी किया। सभी नाम जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर एवं ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख ने प्रस्तावित किए थे, जिन्हें प्रदेश नेतृत्व की मंजूरी के बाद औपचारिक रूप से घोषित किया गया। नई टीम में कुल 31 पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण में कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भागवत साहू को सौंपी गई है। वहीं उपाध्यक्ष पुष्पा साहू बोरीगारका, तुलसी देशमुख चंगोरी, भीषम चौधरी आमटी, भावेश साहू उतई, गोवर्धन बारले घुघसीडीह और अशोक साहू शामिल है।महामंत्री भरत निषाद मोहलई, सुनील मिश्रा कोलिहापुरी, प्रेमनारायण साहू उतई, इन्द्रानी यादव अंजोरा (ख), जनार्दन साहू खोपली, बलराम राजपूत सिरसाखुर्द और लोकेश साहू ननकट्ठी को जिम्मेदारी दी गई है। सचिव पद पर दामिनी साहू भोथली, कमल देशमुख खुरसुल, रोशन चंद्रखुरी, खिलेंद्र साहू नगपुरा, गजेन्द्र कान्हडे खोपली, धनेश देशमुख अंजोरा, जितेन्द्र यादव चंदखुरी पुरुषोत्तम साहू धनोरा, अनिल वर्मा करंजा भिलाई और टोमन अग्रवाल शामिल है। इसके अलावा 06 कार्यकारी सदस्यों की भी घोषणा की गई है। कार्यकारिणी सदस्य प्यारी निषाद महमरा, मनेश साहू धनोरा, मीना सूर्यवंशी विनायकपुर, सुनील साहू हनोदा, किशोर यादव चिखली, दीपांशु यादव निकुम अन्य को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख ने बताया की भूमिका संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान को गति देने और बूथ स्तर तक समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण रहेगी।



HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का इलाज
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पिछड़ा वर्ग मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित

**दुर्ग।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष तेखन सिन्हा ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। उपाध्यक्ष अजय उमरे, दिनेश देशमुख, ओपी रजक, सुखदेव देवांगन, कमलेश हिरवानी, धर्मेंद्र सोनकर, महामंत्री सुरेंद्र साहू सानिध्य चंद्राकर, मंत्री मलखान सिंह लोधी, भारतेंदु गौतम, संदीप कहार, गौरव मढारिया, रमेश वर्मा, चेतन सिन्हा, राजू देशमुख कोषाध्यक्ष प्रेम देवांगन, संजय देशमुख, श्रीकांत चंद्राकर, कार्यालय मंत्री नगीना यादव, चिंटू यादव, रामकुमार सोनी, मीडिया प्रभारी आशुतोष यादव, विपिन चावड़ा, विक्रम आदित्य देशमुख, सोशल मीडिया प्रभारी विजयकांत बंछोर, यश वर्मा, आईटी सेल संयोजक दुष्यंत साहू, प्रांजल भारद्वाज, मन की बात प्रभारी देव वर्मा, योजना प्रचार प्रसार प्रमुख चंचल यादव, प्रमुख प्रकाश नारायण देवांगन, कार्य समिति सदस्य दिलीप साहू, महेश ठेठवार, फते लाल साहू, वीरेंद्र सिंह, विनोद ताम्रकार, अमर सिंह यादव, उमेश साहू, दामोदर चक्रधारी, गुलशन साहू, शुभम साहू, महेश सार्वा, गोविंद देवांगन, अंगेश्वर साहू, रवि सिन्हा, राकेश भारती साहू, विकास ताम्रकार, राकेश देवांगन, धन सिंह चंद्राकर, कमल देवांगन को बनाया गया है। कार्यकारिणी घोषणा के बाद वरिष्ठजनों और महिलाओं में नाराजगी सामने आई है। प्रमुख पदों पर गिनती के लोगों को जगह दी गई है।

### जमीन बेचने का झांसा 55 लाख की ठगी आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** जमीन बेचने का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि ज्ञानेश्वर सिंह ने शिकायत किया कि कातुल बोर्ड, पटवारी हल्का 20 में भूमि स्वामी संदीप जैन, अनुराग जैन के नाम पर दर्ज है। आरोपीगण द्वारा अपने नाम से इसका एग्रीमेंट होना बताकर बताया और बेचा था। इकरारनामा कर पीड़ित से नगद 16 लाख रुपए एवं बैंक खाते के माध्यम से 15 लाख रुपए लिया। कुल 55 लाख रुपए आरोपी 302 कल्पतरु अपार्टमेंट, कृष्णा टॉकीज रोड, रिसाली निवासी अजमेर ने लिया। पुलिस जांच में पता चला कि भूमि स्वामी के नाम से फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड तैयार कर आईसीआईसी बैंक में फर्जी खाता खुलवाकर राशि आहरित किया गया। पुलिस ने पूर्व में आरोपी कुलदीप सिंह सोनी, जोगी सिंह सोनी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है।

# तकनीकी शोधपत्र प्रतियोगिता में ग्रीन रेनोवेशन के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स (आईआईएम) के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आईआईएम भिलाई चैप्टर द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र के एचआर -लर्निंग एंड डेवलपमेंट सेंटर में तकनीकी शोधपत्र प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिति बीसप के कार्यपालक निदेशक और भिलाई चेप्टर के अध्यक्ष राकेश कुमार थे। प्रतिभागी विशेषज्ञों ने कार्बन नियंत्रण पर जागरुक किया।

ग्रीन रेनोवेशन एंड इनोवेशन्स विषय पर आधारित इस प्रतियोगिता ने इस्पात उद्योग में पर्यावरणीय प्रदर्शन सुधार, ऊर्जा दक्षता संवर्धन तथा परिचालन उत्कृष्टता के लिए सतत एवं नवाचारी समाधान पर संयंत्र के विभिन्न विभागों से कुल 15 शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि ने उद्बोधन में इस्पात उद्योग के भविष्य निर्माण में सतत प्रौद्योगिकियों, ऊर्जा संरक्षण उपायों एवं पर्यावरणीय उत्तरदायी नवाचारों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। बीएसपी के विभिन्न विभागाध्यक्षों एवं वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## आईआईएम भिलाई चैप्टर का स्थापना दिवस

### निर्णायकों ने सराहा

प्रतियोगिता का मूल्यांकन विशिष्ट विशेषज्ञों में प्राचार्य, शासकीय महिला पॉलिटेक्निक, रायपुर डॉ. वर्षा पांड्या चौरसिया, प्रोफेसर, आईआईटी भिलाई डॉ. यज्ञेश शादंगी; पूर्व सीजीएम बीएसपी एवं उपाध्यक्ष, आईआईएम भिलाई चैप्टर तापस दासगुप्ता; तथा सीजीएम बीएसपी बीके बेहरा शामिल थे।



### विजेता प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

शोधपत्र प्रस्तुति प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार एसपी-3 व ओएचपी की टीम सजीव वर्गीस, आरडी शर्मा, अरुणेश शर्मा, विपुल सोनी को प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार भी एसपी-3 और ओएचपी की टीम विवेक श्रीवास्तव, श्री विकास पिपरानी, अखिल यूके व केके वर्मा ने प्राप्त किया तथा तृतीय पुरस्कार एसएमएस-3 की टीम श्री अतुल बेंडाले एवं श्री सुशील कुमार को मिला। कार्यक्रम में महाप्रबंधक मानद सचिव केवी शंकर, कोषाध्यक्ष एलआरआरसी मूर्ति, उदयभानु तिवारी, संयुक्त सचिव जेएस कोहली आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक मनीषा नंदी ने किया।

## समस्या निदान के लिए सेल या इस्पात मंत्रालय के अधिकारी भिलाई भेजने की गुहार

# रिटेंशन : भाजपा व कांग्रेस के आंदोलन के बाद अब प्रधानमंत्री से दखल पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

### पीएम मोदी को पूर्व जिला भाजपा उपाध्यक्ष सोनकर ने लिखा पत्र

भिलाई इस्पात संयंत्र के सैकड़ों सेवानिवृत्त कर्मचारियों की आवासीय समस्या के जल्द निदान के लिए बीएसपी पर दबाव बढ़ता जा रहा है। रिटेंशन स्कीम की बेतहाशा किराया वृद्धि वापस लेकर इस स्कीम को यथावत रखे जाने की श्रमिक संगठनों के साथ कांग्रेस और भाजपा के आंदोलन के बाद अब सीधे प्रधानमंत्री से इस गहराती समस्या के निदान की मांग की गई है। निराकरण का दायित्व बीएसपी प्रबंधन पर छोड़कर सेल अथवा इस्पात मंत्रालय के अधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल को यहां भेजकर यहां के सांसद,विधायक, जन प्रतिनिधियों व सेवानिवृत्त कर्मियों से चर्चाकर समाधान कराने की मांग की है।

बीएसपी प्रबंधन द्वारा रिटेंशन स्कीम का किराया 24 सौ रुपए प्रति वर्गफीट करने के बाद इस स्कीम का बंद करने से चौदह सौ सेवानिवृत्त रिटेंशनधारियों में असंतोष बढ़ रहा है। इसके खिलाफ यूनियनों के बाद सांसद विजय बघेल व पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेप्रकाश पांडेय ने प्रबंधन व इस्पात मंत्री से रिटेंशन स्कीम यथावत रखे जाने की मांग की थी वहीं भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव ने भी चार दिन तक आमरण अनशन किया था। बाद रिटेंशनधारियों ने भाजपा के समर्थन में नगर सेवाएं विभाग भवन के सामने जंगी प्रदर्शन फिर स्कूटर रैली भी निकाली थी।

अब जिला भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमर सोनकर ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र भेजकर रिटेंशन समस्या की वस्तुस्थिति से अवगत कराने हुए सेवानिवृत्त रिटेंशनधारियों की समस्या का जल्द निदान किए जाने की मांग की है। बीएसपी प्रबंधन पर दोहरा मापदंड अपनाने व पीएम को दिग्भ्रमित किए जाने का आरोप लगाते हुए बताया है कि पूर्व पत्र में सेवानिवृत्त कर्मियों पर प्रबंधन द्वारा 24 रुपए प्रति स्कवेयर फीट की दर से पैनाल्टी लगाने की शिकायत की गई थी। जबकि थर्ड पार्टी से 8 रुपए आवासीय किराया लिया जा रहा है। सेल की अन्य इकाइयों की तरह बीएसपी द्वारा सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए रिटेंशन पालिसी लागू किया गया था, जिसके तहत दो लाख से नौ लाख रुपए जमा करवाकर अपने बीएसपी आवास निवास कर रहे हैं। इस जमा राशि पर बीएसपी कोई ब्याज भी नहीं देती है। रिटेंशन अवधि के समाप्त होने के बाद रिटायर 32 गुना पेनाल्टी के साथ किराया पटा रहे हैं, जो 5 से 7 हजार रुपए आ रहा था । लेकिन बीएसपी के किराया वृद्धि बाद 15 से 20 हजार रुपए आ रहा है। इसे पटाने में असमर्थ सेवानिवृत्त कर्मी लगातार आंदोलित हैं।



### रिटायर कर्मियों पर 8 नहीं 24 रुपए वर्गफीट से रेंट लगाया जा रहा

पीएम को ज्ञापन में रिटेंशन स्कीम की वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए बताया गया है कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा पीएम रिटायर कर्मियों पर रिटेंशन अवधि समाप्त होने पर पैनल रेंट का प्रावधान है, 8 रुपए वर्गफीट थर्ड पार्टी है। जबकि वास्तविकता यह है कि बीएसपी द्वारा रिटायर कर्मियों पर 8 रुपए नहीं 24 रुपए प्रति वर्गफीट से पैनल रेंट लगाया जा रहा है। पीएम को यह भी बताया गया है कि रिटेंशनधारियों के बीएसपी क्वार्टर में रहने से बीएसपी को राजस्व प्राप्ति, नियमित मेंटेनेंस होने के साथ मकान खाली रहने अराजक तत्वों की अराजकता बढ़ने की चिंता से भी बीएसपी मुक्त है। जबकि बीएसपी द्वारा बिना किसी कार्ययोजना के खाली कराए जा रहे आवास के खिड़की, दरवाजे निकाकर खंडहर में तब्दील किए जाने से इनमें अपराध बढ़े रहे हैं। श्री सोनकर पीएम से रिटेंशन स्कीम को यथावत रखने सेल या मंत्रालय के प्रतिनिधि मंडल को भेजकर यहां रिटायर रिटेंशनधारियों व सांसद विधायक से चर्चाकर रिटेंशन समस्या का निदान कराने की मांग की है।

### अन्य संयंत्रों में मिल रहे हैं बड़े लायसेंसी आवास

पीएम को पत्र में बताया है कि बीएसपी द्वारा अपने कर्मियों को मात्र 4 सौ वर्ग फीट तक के आवास ही लायसेंस पर दिए जा रहे हैं, जबकि सेल की सभी इकाइयों द्वारा अपने कर्मचारियों को 650 वर्गफीट से अधिक के आवास लायसेंस पर दिए जा रहे हैं। थर्ड पार्टी आवंटियों पर बकाया लाखों रुपए की वसूली के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया जा रहा है। जबकि दीर्घ योगदान से बीएसपी को सेल में सर्वाधिक कीर्तिमानी यूनिट बनाने वाले रिटायर बीएसपी कर्मचारी रिटेंशनधारियों के साथ भेदभाव से असंतोष बढ़ रहा जिससे भाजपा के प्रतिआम जनमानस में आक्रोश पैदा हो रहा है। सबको आवास योजना पर कुठाराघात हो रहा है। श्री सोनकर ने बताया कि छग विधानसभा चुनाव के दौरान कोर ग्रुप के सदस्य के नाते मैंने यहां आए सभी प्रभारियों को रिटेंशन समस्या से अवगत कराने पर भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में भी इन विषयों को शामिल किया था।

## बीएसपी के एचएसएलटी ठेका श्रमिकों को मिलेगी 2700 रुपए प्रतिमाह पेंशन



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में वर्षों काम करने वाले सेवानिवृत्त एचएसएलटी ठेका मजदूरों के लिए खुशखबरी है। साफ-सफाई और उत्पादन कार्य में 40 वर्षों से कार्य करने के बाद सेवानिवृत्त हुए एचएसएलटी ठेका श्रमिकों का पेंशन लंबे समय से लंबित था। ईपीएफ के केवाईसी लंबित रहने के कारण 10 वर्षों से प्रयास बाद भी उनका पेंशन प्रारंभ नहीं हो पा रहा था। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के प्रयास से एचएसएलटी ठेका श्रमिकों की पेंशन चालू हो गई है। लंबित पेंशन को लेकर ठेका श्रमिकों ने स्टील ठेका श्रमिक यूनियन (इंटक) कार्यालय में अध्यक्ष संजय कुमार साहू से संपर्क किया। पिछले दो साल के प्रयासों और बीएसपी के उच्च प्रबंधन, सीएलसी ठेका प्रकोष्ठ, वित्त विभाग और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन रायपुर के सहयोग से 250 ठेका श्रमिकों में से 110 श्रमिकों का पेंशन प्रारंभ हो गया है। शेष श्रमिकों की प्रक्रिया प्रगति पर है। प्रारंभ हुए पेंशन प्रकरणों में श्रमिकों को 2,700 प्रतिमाह पेंशन तथा 1,70 हजार पेंशन एरियर के रूप में मिलना प्रारंभ हो गया है। पेंशन चालू होने की खुशी में एचएसएलटी ठेका श्रमिकों ने यूनियन कार्यालय पहुंचकर मिठाई वितरण किया तथा स्टील ठेका श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष संजय कुमार साहू, उपाध्यक्ष सीपी वर्मा और दीनानाथ सिंह सार्वा का पुष्पहार और शाल से सम्मान किया। इस अवसर पर एचएसएलटी ठेका श्रमिक गिरवर साहू, जनक देवांगन, गजाधर, बालूराम, वीर सिंह, लक्ष्मण राव, राजू भारती, लखन साहू, घासीराम, रामचरण सिंह, परगन साहू, सोनबाई सहित यूनियन के पदाधिकारी और अन्य श्रमिक उपस्थित थे।

### इंटक व प्रबंधन का प्रयास

अध्यक्ष श्री साहू ने बताया कि यह कार्य चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि 15 वर्षों से निरंतर प्रयास के बाद भी पेंशन प्रारंभ नहीं हो पाया था। यूनियन एवं प्रबंधन के समन्वित प्रयासों से यह संभव हो सका। आगे भी इंटक यूनियन श्रमिकों के वेतन वृद्धि आदि हित में सतत कार्य करती रहेगी ।

### खातों को सक्रिय करने 31 तक लक्ष्य

दुर्ग। जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं डीएलसीसी की बैठक हुई। बैठक में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिले की सभी बैंकों में निष्क्रिय एवं दावा रहित जमा राशि वाले शासकीय खातों को तत्काल सक्रिय कर संबंधित राशि शासन को वापस करने के निर्देश दिए। समय-सीमा में निराकरण कर 31 मार्च तक निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।




# भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ में उपाध्याय और घनघोरकर ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भारतीय जनता पार्टी भिलाई जिला कार्यालय में आयोजित समारोह में शिक्षा प्रकोष्ठ के संयोजक के रूप में विनोद उपाध्याय ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य के रूप में जेपी घनघोरकर और बृजमोहन उपाध्याय ने भी अपनी जिम्मेदारियां संभाली। सहसंयोजक के रूप में अंबिका द्विवेदी और सूर्यकांत पांडे ने भी पद ग्रहण किया।

कार्यक्रम के दौरान विनोद उपाध्याय और जेपी घनघोरकर ने सांसद विजय बघेल और जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि पूरी टीम के साथ मिलकर संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम करेंगे। पदभार ग्रहण के बाद विनोद उपाध्याय ने कहा कि वे शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। वहीं जेपी घनघोरकर ने कहा कि प्रदेश कार्य समिति सदस्य के रूप में वे अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाएंगे। इस मौके पर ओम प्रकाश यादव और अफजल ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि पार्टी की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में व्यापक विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मनीष अग्रवाल, सुषमा जेठानी, योगेंद्र सिंह, मदन सेन, सूर्यकांत पांडे, अंबिका द्विवेदी, रवि सिंह, अविनाश सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लक्ष्मीनगर रिसाली स्थित ईडब्ल्यूएस की जमीन पर बनेगा सामुदायिक शौचालय

**भिलाई।** रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने वार्ड 29 लक्ष्मी नगर स्थित ईडब्ल्यूएस की जमीन को संरक्षित करते हुए सामुदायिक शौचालय की मांग की है। उन्होंने वार्ड के प्रभारी उपअभियंता को शीघ्र प्राकलन तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। महापौर ने नागरिकों से विकास संबंधी चर्चा भी की। भ्रमण के दौरान नागरिकों की मांग रखी है कि वार्ड में सामुदायिक शौचालक के साथ अलग से यूरिनल बनाया जाए। इस मांग को शीघ्र पूरा करने का निवेदन भी किया। महापौर शशि सिन्हा ने इसे गंभीरता से लेते हुए ईडब्ल्यूएस की जमीन पर शौचालय बनाने प्रस्ताव कर शीघ्र शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा नागरिकों ने कर्मा भवन के निकट सुलभ शौचालय निर्माण करने के भी निर्देश दिए है। भ्रमण के दौरान महापौर के साथ स्वास्थ्य विभाग प्रभारी संजू नेताम, जहीर अब्बास, व अनिल देशमुख, रोहित धनकर,पार्षद विलास बोरकर उपस्थित थे।



महापौर शशि सिन्हा निरीक्षण के दौरान वार्ड में सफाई व्यवस्था कार्य की समीक्षा की। उन्होंने एजेंसी को संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। महापौर का कहना था कि वार्ड सुपरवाईजर सफाई का लगातार मॉनिटरिंग करें। किसी भी सूरत में गंदगी न पसरे ऐसी व्यवस्था करने निर्देश दिए।







# ट्रांसफार्मर अन्यत्र स्थानांतरित करने वार्डवासियों ने किया विरोध प्रदर्शन, बिजली दफ्तर में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- बीच सड़क पर ट्रांसफार्मर से लोगों को परेशानी

ट्रांसफार्मर अन्यत्र स्थानांतरित करने वार्ड 11 शांतिपारा के निवासियों ने बिजली दफ्तर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। ज्ञात हो कि दो दिन पहले बारुद से लदे ट्रक के ट्रांसफार्मर से टकराने से वह क्षतिग्रस्त हो गया था।

शुक्र वार को पार्षद रामखिलावन वर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में वार्डवासी बिजली दफ्तर पहुंचे।

उनकी मांग थी कि सड़क पर जहां ट्रांसफार्मर लगा हुआ था उसे दूसरी जगह स्थानांतिरत किया जाए। लोगों ने बताया कि बीच सड़क पर ट्रांसफर होने के कारण आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं गली के सामने ट्रांसफार्मर होने से कार, एम्बुलेंस, शव वाहन आदि को आने जाने में दिक्कत होती है। इस दौरान बिजली दफ्तर में काफी गहमा गहमी का माहौल रहा। विवाद इस बात से और बढ़ी की बिजली विभाग का कहना था कि फिलहाल वहीं ट्रांसफार्मर लगाएंगे, कुछ दिन बाद इसे हटा दिया जाएगा। इसका लोगों ने जमकर विरोध किया। ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने के कारण लंबे समय तक बिजली गुल रही। फिलहाल बिजली की व्यकल्पिक व्यवस्था की गई थी। उल्लेखनीय है कि भिलाई-3 क्षेत्र में रायपुर की ओर जा रही बारूद से भरी एक ट्रक क्रमांक टीएस 05 यूबी 2355 अनियंत्रित होकर मेन मार्केट में ट्रांसफार्मर पोल से जा टकराई थी। चालक और क्लीनर दोनों शराब के नशे में थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रांसफार्मर पोल क्षतिग्रस्त हो गया था। इस हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने शुक्रवार की सुबह पार्षद के साथ बिजली ऑफिस पहुंचे और ट्रांसफार्मर को दूसरी जगह स्थानांतरित करने की मांग की।सहायक अभियंता मुकेश कुमार लहरे के आश्वासन के बाद आक्रोशित लोग वापस लौट गए।



### ट्रांसफार्मर होने से लोग परेशान

“बिजली विभाग का कहना था कि इसी जगह पर पोल गाड़ते हुए ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। इसका हमने विरोध किया है। गतवा तालाब, शांति नगर, मुक्तिधाम जाने का आम रास्ता है। बीच सड़क पर ट्रांसफार्मर होने से लोग परेशान है। कल बारुद से भरा हुआ ट्रक ट्रांसफार्मर से टकरा गया था। गनीमत रहा कि उसमें ब्लास्ट नहीं हुआ। नहीं तो कई लोगों की जान जा सकती थी। **-रामखिलावन वर्मा,** पार्षद वार्ड 11, भिलाईतीन

## नाली निर्माण और उद्यानों में पेवर ब्लॉक कार्य का किया निरीक्षण

**भिलाई।** निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर निर्माणाधीन नाली और उद्यानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं और शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। आयुक्त ने जोन-5 के अंतर्गत एमजीएम स्कूल के समीप बन रही नाली का बारीकी से अवलोकन किया। स्थानीय नागरिकों की जल निकासी संबंधी समस्याओं को देखते हुए इस नाली का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने मौके पर उपस्थित अभियंताओं को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए इसे जल्द से जल्द पूरा करें। आयुक्त ने सड़क 21 स्थित उद्यान पहुंचे, जो विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों की सुविधा के लिए बनाया गया है। उद्यान में लगाए गए नए पेवर ब्लॉक के कार्यों का जायजा लेते हुए उन्होंने पूरे परिसर की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने एक अन्य रिक्त मैदान का भी निरीक्षण किया, जहां बच्चों के लिए झूले और पेवर ब्लॉक की सुविधा उपलब्ध है। निरीक्षण के दौरान अमरनाथ दुबे जोन आयुक्त, प्रिया करसे कार्यपालन अभियंता, श्वेता महेश्वर सहायक अभियंता, शंकर सुमन मरकाम उप अभियंता, स्वस्छता निरीक्षक एवं निगम के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



